DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

उम्मीदों के गुलदस्ते से लबरेज साल '2025' का आगाज हो चुका है। आने वाले साल के लिए लोगों ने नए-नए संकल्प लगभग तैयार कर लिए। बीते कुछ सालों में जिन तकलीफों को दुनिया ने बर्दाश्त किया है, तकलीफों और परेशानियों में जिस तरह से दुनिया में अनगिनत लोगों ने अपने हाथों को आगे बढ़ाया वह यकीनन काबिले तारीफ है। अब भी लगता है कि दुनिया में फरिश्तों का हुजूम मौजूद है! इस कायनात के इंसानी बाशिन्दों ने अपनी रहनुमाई से साबित कर दिया है। नेकी अभी कायम है और इंसानियत अभी जिन्दा है! ऐसी अनेक मिसालें इतिहास की गवाह बन चुकी हैं। लोगों में बची हुई इंसानियत, मोहब्बत और अपनेपन के जज्बे को देख लगता है दुनिया यकीनन अभी भी बहुत खूबसूरत है। अच्छाई हर शख्स के भीतर मौजूद है। बस उसे हिम्मत से उभारने की जरूरत है।महात्मा बुद्ध, महावीर स्वामी, सूफियां और सन्तों की इस सरजमीं को खुशियों के गुलिश्ता में तब्दील करने का जिम्मा हम भारतीयों का ही है। नया साल इन्हीं उम्मीदों के साथ दस्तक देने को तैयार है। चलो इस कायनात में हर जगह नन्हीं कोपले लगाते हैं, यह चमन है हमारा इसे प्यार से सजाते हैं।

# उम्मीदों भरे नये साल में बदलेगी देश की तस्वीर

## संभावनाओं भरा समय, 2025 में भारत के लिए अनेक संभावनाएं और चुनौतियां भी

**धीरज सिंह/अमित बृज ◆ नई दिल्ली**

'यकुम जनवरी है नया साल है, दिसंबर में पूछूंगा क्या हाल है', ये बड़ा ही मशहूर और मकबूल शेर है। जिसे अक्सर तंज़ के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन 2024 के आईने में यही शेर अगर किसी ने भारत के लिए कहा होता, तो जिगर मुरादाबादी के शेर में जवाब कुछ यूं होता। 'जो तूफ़ानों में पलते जा रहे हैं, वही दुनिया बदलते जा रहे हैं'। भारत आज वाकई दुनिया बदल रहा है। साल 2024 में भारत के नाम उपलब्धियों की लंबी फेहरिस्त है। बात आर्थिक मोर्चे की हो, शिक्षा की हो, कारोबार की हो, दुनिया के ताकतवर मुल्कों से होड़ लेता भारत आगे बढ़ता रहा, नए कीर्तिमान गढ़ता रहा। अब 2025 का सूरज हिंदुस्तान को सलाम कर रहा है। सम्मान बढ़ता है शक्ति से, शक्ति मिलती है सही सोच, उद्यम और परिश्रम के सफल परिणाम से, तरक्की के हर प्रयास को कामयाब बनाने के लिए भारत का प्लान सेट है। 2025 की पहली जनवरी से 2025 के 31 दिसंबर तक की एक-एक तारीख, यानी 365 दिन, यानी 8760 घंटे के लिए भारत का पूरा प्लान तैयार है। ये सब ठीक वैसे ही हो रहा है, उसी पैटर्न पर चल रहा है, जैसे 2024 में हुआ। सांस्कृतिक कूटनीति, मीडिया और बालीवुड के माध्यम से देश की बढ़ती साफ्ट पावर इसकी वैश्विक स्थिति को और मजबूत कर सकती है। उन्नत तकनीकी, स्वदेशी रक्षा उत्पादन में वृद्धि और वैश्विक साझेदारों के साथ बढ़े हुए सहयोग द्वारा भारत की रक्षा क्षमताएं सुदृढ़ होंगी। भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, लेकिन इसमें महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन भी होंगे। भारत में शहरी आबादी बढ़ने की उम्मीद है। हमें टिकाऊ, लचीले और तकनीकी रूप से उन्नत शहरों के निर्माण पर बल देना होगा, जो बेहतर जीवन स्तर प्रदान करते हैं।

इन अनेक संभावनाओं के बावजूद नए साल में भारत को कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा। अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने के लिए कराधान, पुनर्वितरण और सामाजिक सेवाओं में पर्याप्त सुधार की आवश्यकता होगी। सरकार के सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार को दूर करना सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। यद्यपि प्रगति हो रही है, फिर भी सड़क, रेलवे, ऊर्जा और शहरी नियोजन सहित बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश की जरूरत होगी।

जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और संसाधनों की कमी से निपटने के लिए साहसिक एवं दूरदर्शी नीतियों की आवश्यकता होगी। भारत की आकांक्षा वैश्विक आर्थिक महाशक्ति, तकनीकी एवं नवाचार में अग्रणी और सामाजिक कल्याण एवं पर्यावरणीय स्थिरता का चैंपियन बनने के इर्द-गिर्द घूमती है। यही भारत के आगे के मार्ग को आकार देगी।

### भारतीय अंतरिक्ष सेक्टर को और मिलेगी नई ऊंचाई

NASA और ISRO के संयुक्त सहयोग से 2025 में निसार (NISAR) मिशन लॉन्च किया जाएगा। यह सिंथेटिक अपर्चर रडार (SAR) तकनीक से लैस एक उन्नत पृथ्वी निगरानी सैटेलाइट है। इसका उद्देश्य पर्यावरणीय बदलाव, प्राकृतिक आपदाओं, और सीमा सुरक्षा पर नजर रखना है। साल 2025 में ISRO के 36 सैटेलाइट लॉन्च की योजना और रूस व अमेरिका के साथ अंतरिक्ष में सहयोग के प्रयास भारत को स्पेस टेक्नोलॉजी में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। ये मिशन न केवल भारत की वैज्ञानिक क्षमताओं को प्रदर्शित करेंगे, बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को और मजबूत करेंगे।



### अंतरिक्ष में अध्ययन के लिए 2025 में ये बड़े मिशन होंगे लॉन्च

2024 अंतरिक्ष के क्षेत्र में अहम साल रहा। अब 2025 में भी अंतरिक्ष एजेंसियां चंद्रमा और मंगल समेत अन्य के लिए मिशनों की तैयारी कर रही हैं। नासा फरवरी, 2025 में स्फीयरएक्स नामक वेधशाला को लॉन्च करेगी, जो ब्रह्मांड के इतिहास का अध्ययन करेगा। जापान जनवरी, 2025 में M2/रेसिलिएंस मिशन लॉन्च करेगा, जिसके तरह चंद्रमा पर एक लैंडर और माइक्रो-रोवर भेज जाएगा। यह मिशन चंद्रमा की मिट्टी और पानी का अध्ययन करेगा, ताकि ऑक्सीजन और हाइड्रोजन उत्पन्न किया जा सके। ESA का हेरा मिशन मार्च, 2025 में मंगल के पास से उड़ान भरेगा।

### यूपीआई पेमेंट की लिमिट दोगुनी

RBI ने फीचर फोन यूजर्स के लिए डिजाइन की गई सर्विस UPI123Pay के लिए लेनदेन की लिमिट को बढ़ाने का फैसला किया है। 1 जनवरी 2025 से यूजर्स UPI123Pay के जरिये प्रतिदिन 10,000 रुपये तक का पेमेंट कर सकेंगे। पहले इसकी लिमिट 5000 रुपये थी। UPI123Pay यूजर्स को तो ज्यादा पैसे भेजने की सुविधा मिल गई है। लेकिन, ध्यान रखने वाली बात है कि PhonePe, Paytm और Google Pay जैसे स्मार्टफोन ऐप के लिए लेनदेन की लिमिट अभी भी पहले जितनी ही है। यूजर्स प्रतिदिन एक लाख रुपये का यूपीआई से लेनदेन कर सकते हैं।





### 1 जनवरी से किसी भी बैंक में ले सकेंगे पेंशन, 78 लाख लोगों को होगा फायदा

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) से जुड़े पेंशनधारकों के लिए नया साल एक बड़ी राहत लेकर आया है। आज से वह देश में स्थित किसी भी बैंक, शाखा या स्थान से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। सेवानिवृत्त होने के बाद अपने गृहनगर में रहने वाले लोगों के लिए यह एक बड़ी सहूलियत होगी।**

वर्ष 2024 के बीते दिनों का विश्लेषण करते हुए बहुत-सी खट्टी-मीठी और कड़वी बातें हमारे जेहन में गूंज रही हैं। हमें अपनी गलतियों और सफलताओं को एक बार फिर छूने का एहसास हो रहा है। हमने बहुत कुछ खोया और बहुत कुछ पाया है।

## छोटी-सी ही सही हमारी भूमिका हो



**नमस्कार मित्रों,**

हम सभी साल के अंतिम दिन को जी चुके हैं। आज नया वर्ष हमारे जीवन में दस्तक़ दे चुका है...। वर्ष 2024 के बीते दिनों का विश्लेषण करते हुए बहुत-सी खट्टी-मीठी और कड़वी बातें हमारे जेहन में गूंज रही हैं। हमें अपनी गलतियों और सफलताओं को एक बार फिर छूने का एहसास हो रहा है। हमने बहुत कुछ खोया और बहुत कुछ पाया है। कई बार लगा कि सब खत्म हो जाएगा, तो कई बार हम आसमान में उड़ रहे थे। कई बार हमने लोगों से घिरे हुए उनकी बधाईयां लीं। कई बार निराशा, अकेलेपन ने हमें कटोचा। कभी हमने उदारता दिखाते हुए कुछ ऐसा किया कि हम अपनी नजरों में ऊपर उठे, तो कभी स्वयं का काम कमजोर भी लगा। समय बीतने के बाद स्वयं का विश्लेषण बताता है कि हमने जो पाया, वह उतना महत्वपूर्ण नहीं था; जितना उस समय लग रहा था। महत्वपूर्ण होता है कि वह पाने के लिए हमने कौन-सा रास्ता अपनाया... क्या हमने अपनी आत्मा के साथ समझौता किया या हमने एक बेहतर इंसान को अपने भीतर बनाए रखा?



**अरुण लाल**
**संपादक**

सच तो यह भी है कि जब भी हम इन अच्छे -बुरे पलों को जी रहे थे, तब हम जीवन को अपने हिसाब से गढ़ने के प्रयास में थे। पर जब हम गौर करतें हैं, तो जीवन कतई उस राह पर नहीं चला, जिस पर हम उसे घसीट कर ले जाने का जी-तोड़ प्रयास करते रहे। सो बहुत प्यारा पीछे छूट जाने के बावजूद 2024 की तरह सब बीत रहा है और हर हाल में बीत जाना ही इसकी नियति है।

सो आइए, इस नए वर्ष में बीते वर्ष से सीखते हुए कुछ ऐसा करें कि हम ख़ुद की नजरों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकें। इस समाज और जग ने हमें जो दिया है, उसे लौटाएं। आइए प्रयास करें कि मानवता को बेहतर करने में छोटी-सी ही सही हमारी भूमिका हो। नव वर्ष के लिए हार्दिक शुभकामनाओं के साथ बहुत-बहुत बधाई।

प्रेम करिए.. मुस्कुराते रहिए।

# जीडीपी : इस साल भी सारे जहां से आगे रहेगा हिंदुस्तान

**विकास और संभावनाएं**

आर्थिक विकास के लिहाज से भारत इस वर्ष 2025 भी दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देशों में सबसे आगे रहेगा। विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, कृषि, ई-कॉमर्स और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्र उसकी तरक्की के मुख्य सूत्रधार रहेंगे। मौजूदा वर्ष में 1.25 लाख करोड़ की निवेश लागत से अकेले सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 80 हजार लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।



### निवेश और रोजगार का केंद्र बनेगा भारत

बीते कुछ वर्षों से देश में परिवहन व्यवस्था को बेहतर करने के लिए उठाए जा रहे कदम का अब असर दिखाई देने लगेगा। खासकर विनिर्माण के लिहाज से भारत में नई ईकाइयों की तेजी से स्थापना होगा। भारत मोबाइल उत्पाद में बड़ा केंद्र बना है लेकिन अब सेमीकंडक्टर उत्पाद में बड़ा केंद्र बनने की दिशा में काम कर रहा है। इसी तरह से फॉर्मा, इंजीनियरिंग गुड्स और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी बड़ा निवेश होने की संभावना है। एलन मस्क की ऑटोमोबाइल कंपनी टेस्ला भारत में अपनी इकाई लगा सकती है और स्टारलिंक इस वर्ष से भारत में सैटलाइट मोबाइल सर्विस शुरू कर सकती है। ऐसे में भारत में बड़ा निवेश आने की संभावना है, जिसके जरिए व्यापक पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### शेयर बाजार में लौटेगी रौनक

आगामी वर्ष से शेयर बाजार में रौनक लौटने की संभावना है। अमेरिका में नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के बाद वैश्विक स्तर पर माहौल बदलेगा, जिससे शेयर बाजार में फिर से खरीदारी शुरू होगा। यही कारण है कि इस वर्ष 60 से अधिक कंपनियों का आईपीओ आएगा, जिनमें से 24 कंपनियों को मंजूरी मिल चुकी है। ऐसे में शेयर बाजार के जरिए कमाई करने वाले लोगों को भी अच्छे अवसर मिलेंगे।

### क्रिकेट में दो बड़े बदलाव



IPL में कैप्टन कोहली की वापसी होगी। वे फिर RCB की कप्तानी करेंगे।

**अभी:** साउथ अफ्रीका के डुप्लेसी कप्तान थे।

टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के बाद टेस्ट क्रिकेट से रिटायर होंगे। टीम को नया कप्तान मिलेगा।

### किसानों को बिना गारंटी के मिलेगा 2 लाख तक का लोन

**किसान**



भारतीय रिजर्व बैंक ने किसानों को राहत देते हुए 1 जनवरी, 2025 से किसानों के लिए बिना गारंटी के लोन की सीमा 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दी है। यह कदम खेती की बढ़ती लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों की सहायता करने के लिए उठाया गया है। इस योजना का फायदा करोड़ों किसानों को मिलेगा।


### बिना डेटा पैक वाला कॉलिंग रिचार्ज का ऑप्शन

**टेलीकॉम**




TRAI ने टेलीकॉम कंपनियों को वायस और SMS पैक का अलग ऑप्शन देने का आदेश दिया है। वर्तमान में हर रिचार्ज के साथ लोगों को डेटा प्लान लेना पड़ता है। हालांकि साल के पहले महीने में टेलीकॉम कंपनियों को बिना डेटा पैक वाला कॉलिंग रिचार्ज का ऑप्शन भी देना होगा।

### कारें-कॉमर्शियल गाड़ियां महंगी



मारुति, हुंडई, टाटा, किआ और MG की गाड़ियां 1 जनवरी से महंगी होंगी। बाइक और कॉमर्शियल व्हीकल्स की कीमतें भी 2-3% बढ़ेंगी।

**वजह:** कंपनियों ने गाड़ी बनाने में इस्तेमाल होने वाले मटेरियल की लागत बढ़ने की दलील दी है।

### 5वीं और 8वीं में फेल बच्चों को अगली कक्षा में प्रमोट नहीं

2025 से शिक्षा के क्षेत्र में भी कई बड़े बदलाव होने वाले हैं। 5वीं और 8वीं में फेल बच्चों को अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा। इसके लिए उन्हें 2 महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देकर पास होना पड़ेगा। कोचिंग सेंटर्स में भी 16 साल से अधिक उम्र के बच्चों का एडमिशन नहीं हो सकेगा।

### भारत में मिलेगी विदेश की डिग्री

विदेश में पढ़ना कई लोगों का सपना होता है, लेकिन किसी वजह से लोग विदेश नहीं जा पाते हैं। ऐसे में अब भारतीय और विदेश विश्वविद्यालय साझा कोर्स शुरू करेंगे, जिससे लोग देश में रहकर भी विदेशी डिग्री हासिल कर सकेंगे।

## रक्षा क्षेत्र में नया भारत



### 1.75 लाख करोड़ के कारोबार का लक्ष्य

भारत ने 2025 तक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.75 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,26,887 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16.7% की वृद्धि दर्शाता है।

### रक्षा निर्यात में वृद्धि

भारत का रक्षा निर्यात भी बढ़ रहा है, और अगले पांच वर्षों में इसमें 20% की वार्षिक वृद्धि की उम्मीद है, जिससे यह वित्त वर्ष 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इन पहलों के माध्यम से, भारत 2025 तक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की दिशा में अग्रसर है।

# शहर में आवारा कुत्तों से लोग परेशान

## 11 महीने में 33 हजार 17 लोगो को बनाया शिकार

आशु विश्वकर्मा । विरार

वसई विरार शहर में कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और हर दिन इस वर्ष 100 लोगों को कुत्ते काटने की घटना सामने आई हैं। वसई विरार महा नगर पालिका के पास केवल एक कुत्ता नसबंदी केंद्र है और इस केंद्र को चलाने वाले ठेकेदार के पास केवल एक कुत्ता पकड़ने वाला वाहन है। इस वजह से कुत्तों की नसबंदी धीमी गति से हो रही है। फिलहाल कुत्ते के काटने के बाद प्रत्येक व्यक्ति पर 315 रुपये का खर्च आता है। वहीं महानगर पालिका को प्रत्येक कुत्ते की नसबंदी का खर्च 915 रुपये आता है। ऐसे में महानगर पालिका कुत्ते के काटने के बाद हर व्यक्ति के इलाज और कुत्तों की नसबंदी पर करोड़ों रुपये खर्च करती है। फिर भी महानगर पालिका प्रशासन कुत्ते काटने की घटनाओं को रोकने में सफल नहीं हो सका है। बताया गया है कि इसके पीछे कुत्तों की नसबंदी धीमी गति से करने की वजह है।

वसई विरार महानगर पालिका की तरफ से दो कुत्ते नसबंदी केंद्र चल रहे हैं। नवघर परिशोधन केंद्र कुछ मामूली मरम्मत के लिए बंद कर दिया गया था और मैंने व्यक्तिगत रूप से जाकर उस स्थान का दौरा किया। जल्द से जल्द एक परिशोधन केंद्र भी शुरू किया जाएगा ।

– डॉ सुभाष जाधव, उपायुक्त, वसई विरार शहर महानगरपालिका



### 2023 से विभिन्न इलाकों में 63 हजार से ज्यादा कुत्ते काटने की घटनाएं हुई

इस वर्ष 2024 में 1 जनवरी से 30 नवंबर 2024 तक 11 महीने में विभिन्न इलाकों में 33 हजार 17 कुत्ते काटने की घटनाएं हुई हैं। वही 2023 में कुत्तों की काटने की 30 हजार 243 घटनाएं हुई। कुत्तों के बढ़ते उत्पात से नागरिक भयभीत हैं। कुत्तों के काटने के उपद्रव को रोकने के लिए कुत्तों की संख्या को कम करना ही समाधान है। इसके लिए कुत्तों की नसबंदी करना जरूरी है। वसई के नवघर में एकमात्र कुत्ता नसबंदी केंद्र है ।वह केंद्र भी मरम्मत के कारण पिछले तीन माह से बंद है । लेकिन इतने बड़े शहर में कुत्ते को पकड़ने के लिए केवल एक ही वाहन है, इसलिए कुत्ते को पकड़ना सीमित हो रहा है। और बदले में, कुत्तों की नसबंदी की दर धीमी हो गई है।

### कुत्तों की नसबंदी के लिए केवल एक केंद्र

वर्तमान में महानगर पालिका के पास कुत्तों की नसबंदी के लिए एक ही केंद्र है। यह केंद्र नवघर, वसई पूर्व में स्थित है। महा नगर पालिका ने नवंबर 2020 में इसके जीर्णोद्धार का काम शुरू किया था। पालिका ने पुराने ढांचे को तोड़कर उसके ऊपर नया भवन बनाकर वर्तमान में इस केंद्र का पूर्ण निर्माण करा दिया है। लेकिन, पिछले साल से यह केंद्र बंद होने से शहर में कुत्तों की नसबंदी भी बंद है। इससे शहर में कुत्तों की जनसंख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। कुत्तों के नसबंदी केंद्र को चलाने के लिए एक ठेकेदार को नियुक्त किया गया था। हालांकि महा नगर पालिका को बार-बार शिकायत मिल रही थी कि यह पुराना ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहा है। इस तरह काम में देरी होने पर महानगर पालिका ने पुराने ठेकेदार को हटाकर नया ठेकेदार नियुक्त कर दिया। यह ठेका रोमिंग पॉज़ फाउंडेशन को दिया गया है। महानगर पालिका ने शहर में तीन स्थानों पर नसबंदी केंद्र प्रस्तावित किए हैं। लेकिन उनका काम भी बंद हो गया है।

### तीन वर्षों में टीकों पर 1 करोड़ 70 लाख रुपये से अधिक किए खर्च


कुत्तों के जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए महानगर पालिका द्वारा कुत्तों की नसबंदी की जाती है। वसई विरार महानगर पालिका के अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक,पिछले तीन साल में 10 हजार 255 कुत्तों की नसबंदी की गई है। एक कुत्ते की नसबंदी के लिए 996 रु. खर्च आता है । वसई के नवघर में महानगर पालिका के कुत्ता नसबंदी केंद्र में हर दिन 18 से 20 कुत्तों की नसबंदी की जाती है। महानगर पालिका ने विद्युतीकरण पर तीन साल में एक करोड़ रुपये खर्च किए हैं। सोचने की बात यह है कि इसके लिए पालिका ने पिछले 8 महीनों में टीकों पर 42 लाख 70 हजार रुपये खर्च किए हैं। पिछले तीन वर्षों में टीकों पर 1 करोड़ 70 लाख रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं।

# शहर के अनाधिकृत निर्माणों को नियमित करने में तेजी लाने की मांग

## विधायक कुमार आयलानी ने मुख्यमंत्री से किया निवेदन

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

शहर के अनाधिकृत निर्माणों को नियमित करने की मांग यहाँ के नागरिकों द्वारा वर्षों से उठाई जा रही है। महाराष्ट्र शासन द्वारा 2006 में एक अधिनियम लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य निर्वासितों के शहर की स्थिति को सुदृढ़ करना और अनाधिकृत निर्माणों को नियमित करना था। इसके बाद बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने निर्माणों को नियमित कराने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया। विधायक कुमार आयलानी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर इस कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा कि उल्हासनगर मनपा ने इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है और नागरिकों से पैसे की मांग भी की जा रही है। इसके अलावा, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा जानबूझकर निर्माणों को नियमित करने वाले आवेदनों में कमी निकाल कर उन्हें लटका दिया जा रहा है। इस लापरवाही के कारण शहर के नागरिकों में नाराजगी उत्पन्न हो रही है। विधायक ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और अनाधिकृत निर्माणों को नियमित करने में शीघ्रता लाई जाए।



### नियमितीकरण से होगा शहर में विकास

विधायक ने यह भी कहा कि निर्माणों को नियमित करना उल्हासनगर वासियों के लिए एक बड़ी मानसिक समस्या है। मनपा को कागजातों की जाँच कर तत्काल नियमितीकरण की स्वीकृति देनी चाहिए। नियमितीकरण से शहर का व्यावसायिक विकास संभव होगा और शहर के स्तर में भी बड़ा बदलाव आएगा। मनपा आयुक्त विकास ढाकने से विधायक ने उम्मीद जताई है कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए अपने कार्यकाल के दौरान इसे ऐतिहासिक रूप से हल करेंगे।

# बेटी ने पिता को घर से निकाला

## समझाने गए पिता को बेटी ने पीटा

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक बेटी ने अपने पिता को घर से बाहर निकाल दिया और जब पिता उन्हें समझाने पहुंचे, तो उन्होंने अपने पिता की पिटाई कर दी। यह घटना शहर के अशोक नगर इलाके में स्थित एक आवासीय परिसर की है, जहां 71 वर्षीय सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर शिवाजी नामदेव सोनवणे रहते हैं।

### शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज

इस मामले में शिवाजी सोनवणे ने अपनी बेटी मयूरी के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण अधिनियम की धारा 24 भी शामिल है। मामले की जांच जारी है।



### लकड़ी के डंडे से पिटाई का आरोप

पुलिस के मुताबिक, पिछले डेढ़ महीने से शिवाजी सोनवणे की पत्नी सुशीला सोनवणे और बेटी मयूरी पाटिल ने उन्हें घर से बाहर कर दिया था। इस विवाद को सुलझाने के लिए जब शिवाजी सोनवणे अपने परिवार से मिलने के लिए फ्लैट में गए, तो उनकी बेटी मयूरी ने गुस्से में आकर उन्हें मोबाइल फोन से मारा और फिर लकड़ी के डंडे से भी पीटा। इस झगड़े के दौरान शिवाजी के बेटे विजय सोनवणे ने पिता को बचाने की कोशिश की, लेकिन मयूरी ने उन्हें भी नहीं छोड़ा और उनकी भी पिटाई की।

# सफाईकर्मी ने किया महिला का ईसीजी

## वीडियो वायरल होने के बाद थाने में दर्ज हुई शिकायत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के एक सरकारी अस्पताल का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक महिला का ईसीजी अस्पताल का सफाई कर्मचारी करता नजर आया। घटना के वायरल होने के बाद अस्पताल ने ईसीजी करने के लिए फिजिशियन असिस्टेंट की नियुक्ति कर ली है। 28 दिसंबर को समाजवादी पार्टी की पूर्व नगरसेविका रुकसाना सिद्दीकी ने बुर्का पहनकर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक सफाई कर्मचारी एक महिला का ईसीजी कर रहा था। पूछने पर कर्मचारी ने बताया कि वह स्वीपर है और स्टाफ की कमी के कारण उसे यह काम करना पड़ता है। समाजवादी पार्टी की पूर्व नगरसेविका रुकसाना सिद्दीकी ने मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी. अस्पताल प्रशासन ने स्वीकार किया कि पिछले तीन वर्षों से स्टाफ की भारी कमी है. अधिकारियों ने बताया कि प्राइवेट स्टाफ भी उपलब्ध नहीं है, इसलिए स्वीपर को ट्रेनिंग देकर यह जिम्मेदारी दी गई है। रुकसाना सिद्दीकी का कहना है कि यह पूरी तरह से गलत है. कोई पुरुष कर्मचारी अकेले किसी महिला का ईसीजी नहीं कर सकता और ना ही एक सफाई कर्मचारी को ऐसी जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। उन्होंने स्थानिक पुलिस स्टेशन में संबंधित अधिकारी और सफाई कर्मचारी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीएमसी को इस मामले को गंभीरता से लेना होगा. यह सुनिश्चित करना होगा कि मेडिकल सेवाओं में इस तरह की लापरवाही दोबारा ना हो. दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि मरीजों का विश्वास बरकरार रह सके।

# नए साल को लेकर मुंबई में आरपीएफ अलर्ट

## लाइव मॉनिटरिंग के जरिए संदिग्धों पर होगी पैनी नजर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

नए साल के जश्न की तैयारियों के तहत मुंबई रेलवे पुलिस (आरपीएफ) ने सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए हैं। हर साल की तरह इस बार भी भारी तादाद में टूरिस्ट मुंबई आएंगे, और रेलवे स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए आरपीएफ ने सुरक्षा इंतजामों को पुख्ता कर लिया है।




### आरपीएफ का अलर्ट सिस्टम

रेलवे पुलिस आयुक्त रवींद्र शिसवे ने नए साल की सुरक्षा के लिए बनाई गई योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खास तौर पर साउथ मुंबई के प्रमुख पर्यटन स्थल जैसे मरीन ड्राइव और गेटवे ऑफ इंडिया पर अधिक लोग आ सकते हैं, और इसके चलते चर्च गेट, मरीन लाइंस, सीएसएमटी जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ रहेगी। इस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ ने 4000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया है।

### सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था

रवींद्र शिसवे ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर महिला पुलिसकर्मी भी तैनात की जाएंगी, खासकर लेडीज कंपार्टमेंट में। इसके साथ ही रात की स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सीसीटीवी की लाइव मॉनिटरिंग भी की जाएगी, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी लगातार इस मॉनिटरिंग को सुनिश्चित करेंगे।

### सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

आरपीएफ ने इस दौरान नए साल की रात को हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उपद्रवियों और स्टंट करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, रेलवे स्टेशनों पर रील्स बनाने पर भी रोक लगाई गई है। टिकट चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा, और बिना टिकट यात्रा करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### सहयोग की अपील

रवींद्र शिसवे ने कहा कि रात की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एंट्री और एग्जिट गेट्स पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत 1512 पर कॉल करके दें, ताकि 10 से 15 मिनट के अंदर मदद पहुंचाई जा सके।

# अकोला पुलिस को मिली दोहरी सफलता

## 10 किलो गांजा किया जब्त

डीबीडी संवाददाता । अकोला

अकोला पुलिस को दोहरी सफलता हासिल हुई है। एक ओर जहां पुलिस ने गांजा जब्त किया। तो वहीं दूसरी ओर एक मोबाइल चोर को भी धर दबोचा है। अकोला के सिविल लाइन पुलिस थाने की सीमा में स्थानीय अपराध शाखा अकोला की टीम ने एक व्यक्ति से 2 लाख 55 हजार 500 रुपये की कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया है। स्थानीय अपराध शाखा, अकोला की टीम को गुप्त जानकारी मिली कि सिविल लाइन पुलिस थाने की हद के शास्त्री नगर इलाके में एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में गांजा बेच रहा है। इस जानकारी पर छापा मारते हुए आरोपी दिलशाद खान हसीब खान (33) निवासी ग्राम डोरिया, पोस्ट चन्नी, तहसील बायसी, जिला पूर्णिया, राज्य बिहार, हाल निवासी चारुलता काले मेमोरियल आईएमए हॉल के सामने, अकोला, को अमली पदार्थ गांजा के साथ पकड़ा गया। आरोपी के पास से कुल 10 किलो 22 ग्राम गांजा जिसकी कीमत अनुमानतः 2 लाख 55 हजार 500 रुपये है, जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे आगे की प्रक्रिया के लिए सिविल लाइन पुलिस की हिरासत में दिया गया। इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक शंकर शेलके, सहायक पुलिस निरीक्षक विजय चव्हाण, पुलिस उपनिरीक्षक गोपाल जाधव, पुलिस उपनिरीक्षक माजिद पठान, पुलिस कर्मी दशरथ बोरकर, राजपाल सिंह ठाकुर, गणेश पांडे, सुल्तान पठान, भास्कर धोत्रे, गोकुल चव्हाण, रविंद्र खंडारे, अब्दुल माजिद, महेंद्र मलिये, वसीमुद्दीन, प्रशांत कमलाकर, अक्षय बोबडे, अंसार अहमद, स्वप्निल खेडकर, आकाश मानकर, अभिषेक पाठक, भीमराव दिपके ने मिलकर अंजाम दिया।



### मोबाइल बेचने वाला युवक गिरफ्तार

वहीं दूसरी ओर अकोला रेलवे स्टेशन परिसर में चोरी के दो मोबाइल फोन बेचने की तैयारी कर रहे एक युवक को अकोला रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। रेलवे पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, परेश नांदुरकर (23) निवासी साई नगर अमरावती ने अकोला रेलवे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी

### रेलवे प्लेटफॉर्म से चोरी हुआ था मोबाइल

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अकोला से अमरावती जाने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंचा और वहीं सो गया। इसी दौरान, उसके ट्राउजर में रखे दो मोबाइल फोन किसी ने चुरा लिए, जिनकी कीमत 40 हजार रुपये है। इस रिपोर्ट के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि अकोट रोड स्थित संकुल में एक युवक मोबाइल फोन बेच रहा है। इस सूचना के आधार पर सहायक पुलिस निरीक्षक पंकज ढोके के मार्गदर्शन में पुलिस ने अकोट रोड स्थित मौलाना आजाद चौक संकुल में एक युवक को पकड़ा।

### आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा

शेख रईस शेख रफिक (28) नामक युवक से पूछताछ की गई तो उसने रेलवे स्टेशन परिसर से मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। उसके कब्जे से पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिए हैं। न्यायालय में पेश किए जाने पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने बिहार के कटिहार जिले के निवासी मकसूद आलम किडवा (19) को भी हिरासत में लेकर उसके पास से 9 हजार रुपये का चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया है।

# भिवंडी नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव निर्विरोध संपन्न

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी शहर के नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। मास्टर इलियास को अध्यक्ष और संदीप पवार को उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भाजपा विधायक महेश चौगुले ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

### रिक्त पदों के लिए विशेष बैठक का आयोजन

बैंक में हाल ही में अध्यक्ष राजू गजंगी और उपाध्यक्ष कामिल करनाले के इस्तीफे के बाद रिक्त पदों के लिए सहायक रजिस्ट्रार बालासाहेब पाटिल की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को संपन्न किया गया, जिसमें मास्टर इलियास को अध्यक्ष और संदीप पवार को उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की गई।



### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का आभार

नवनिर्वाचित चेयरमैन मास्टर इलियास और उप-चेयरमैन संदीप पवार ने बैंक के शेयरधारकों की सेवा करने का अवसर देने के लिए निदेशक मंडल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक महेश चौगुले को संचालक मंडल और शुभचिंतकों द्वारा बधाई दी गई।

# निकाय चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका

## विधायक किसन कथोरे के करीबी ने थामा शिवसेना का हाथ

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

विधानसभा चुनाव बीत जाने और निकाय चुनाव से पहले ठाणे में भाजपा और विधायक किसन कथोरे को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के एक बड़े नेता ने इस्तीफा दे दिया और शिवसेना में शामिल हो गए। भाजपा के पूर्व नगरसेवक हेमंत चतुरे ने भाजपा से नाता तोड़ते हुए शिवसेना में प्रवेश किया है। शिवसेना के अध्यक्ष तथा राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में हेमंत चतुरे की प्रवेश प्रकिया हुई। भाजपा के हेमंत चतुरे के शिवसेना में प्रवेश करने से भाजपा के विधायक किसन कथोरे को यह बड़ा झटका बताया जा रहा है। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान विधायक किसन कथोरे ने शिवसेना के एक उपशहर प्रमुख को भाजपा में शामिल कराकर शिवसेना के वामन म्हात्रे को अप्रत्यक्ष चुनौती दी थी। इसके बाद शिवसेना के वामन म्हात्रे ने दो दिन पहले बीजेपी के पूर्व नगरसेवक हेमंत चतुरे को भाजपा से फोड़ते हुए उन्हें शिवसेना में शामिल कराकर एक तरह से भाजपा से बदला ले लिया। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा विधायक कथोरे का निवास इसी वार्ड में पड़ता है जहां के चतुरे नगरसेवक थे।



### म्हात्रे को कथोरे ने दी थी चुनौती

म्हात्रे ने चुनाव से पहले ही कथोरे की उम्मीदवारी का विरोध करना शुरू कर दिया था। इसलिए जब अभियान पूरे जोरों पर था तो म्हात्रे ने अभियान से दूर रहने का फैसला किया। उसमें विधायक कथोरे ने वामन म्हात्रे के प्रभाव वाले क्षेत्र के उपनगर प्रमुख तेजस म्हस्कर को ही भाजपा में शामिल करा कर एक प्रकार से म्हात्रे को चुनौती दी थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने म्हात्रे तथा कथोरे के बीच बदलापुर आकर दोस्ती कराते हुए शिंदे ने महायुति धर्म का पालन करने की सलाह म्हात्रे को दी थी। बावजूद इसके शिवसेना के म्हात्रे एवं भाजपा के कथोरे के मन नहीं मिले।

### किसन कथोरे बनाम वामन म्हात्रे के बीच चल रही टक्कर

विधानसभा चुनाव के दौरान बदलापुर में किसन कथोरे बनाम वामन म्हात्रे विवाद चरम पर पहुंच गया है और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर जुबानी हमला करने की कोशिश करते रहे हैं। विधानसभा चुनाव में मुरबाड विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के किसन कथोरे ने पांचवीं बार जीत हासिल की। लेकिन उसी समय बदलापुर शहर में शिवसेना के शहर प्रमुख वामन म्हात्रे और बीजेपी के किसन कथोरे के बीच विवाद चरम पर पहुंच गया।

संतोष देशमुख हत्याकांड

# वाल्मीकि कराड ने किया सरेंडर

## दामनिया की मांग- मंत्री पद छोड़ दें धनंजय और पंकजा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/बीड**

महाराष्ट्र के बीड में सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड के मुख्य आरोपी वाल्मिक कराड ने मंगलवार को सरेंडर कर दिया। कराड ने पुणे के सीआईडी ऑफिस में अपना सरेंडर किया। सीआईडी हत्या के पूरे मामले की जांच कर रही है। कराड हत्या के बाद से ही फरार चल रहे थे, जिसकी वजह से सरकार की किरकिरी हो रही थी। सीआईडी दफ्तर जाने से पहले कराड ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें हत्या को लेकर खुद को फंसाए जाने का आरोप लगाया। कराड ने कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध की वजह से मुझपर आरोप लगाए जा रहे हैं।



### पद पर रहते हैं तो जांच होगी प्रभावित

कराड के सरेंडर के बाद सोशल एक्टिविस्ट अंजलि दामनिया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में जांच होने तक पंकजा मुंडे और धनंजय मुंडे को मंत्री पद पर नहीं रहना चाहिए। दामनिया का कहना है कि मुंडे भाई-बहन अगर पद पर रहते हैं तो जांच प्रभावित भी हो सकता है। दामनिया का कहना है कि कराड मुंडे के करीबी हैं और इलाके में वसूली का काम करते थे। मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या इसी वजह से की गई थी।

### सरेंडर पर संतोष की बेटी ने सवाल उठाया

कराड के सरेंडर करने पर सरपंच संतोष की बेटी ने सवाल उठाया है। संतोष की बेटी वैभवी देशमुख ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम जल्द न्याय की मांग करते हैं। न्याय इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि पुलिस की जांच ठीक से नहीं हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस व्यवस्था कैसे काम कर रही है, जो आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। आरोपी खुद पुणे में जाकर सरेंडर कर रहे हैं? काम कर रही है तो इतना समय क्यों लग रहा है? आरोपियों को गिरफ्तार करने में इतना समय क्यों लग रहा है? तो हमें न्याय कैसे और कब मिलेगा? इधर, बीड पुलिस ने जिले के सभी गैर-जरूरी पिस्टल लाइसेंस को रद्द करने का फैसला किया है। बीड पुलिस के मुताबिक 9 दिसंबर की रात बीड के मसाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई।।

# सीपी राधाकृष्णन ने देशवासियों को दी नए साल की शुभकामनाएं



**मुंबई।** बुधवार से नए साल का शुभारंभ होने जा रहा है। इस बीच महाराष्ट्र के राज्यपाल ने सभी को शुभकामनाएं दी और महाराष्ट्र के विकास पर चर्चा की। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि नया साल 2025 'विकसित भारत' के लिए योगदान देने का वर्ष है, जिसका अर्थ है एक विकसित, प्रगतिशील और समावेशी भारत। उन्होंने कहा कि इस मिशन में महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्यपाल राधाकृष्णन ने एक संदेश में कहा, "नए साल का स्वागत करते हुए, मैं महाराष्ट्र के लोगों और सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह साल सभी के लिए खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए।"


### राज्यपाल ने दिया संदेश

नए साल के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि 'विकसित भारत' मिशन में महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, "आइए हम इस वर्ष विकसित, प्रगतिशील और समावेशी भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हों। समृद्ध संस्कृति, उद्यमशीलता की भावना और मूल्यों के साथ सबसे प्रगतिशील राज्य के रूप में, महाराष्ट्र इस मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।" राज्यपाल ने आगे कहा कि समाज में व्याप्त सामाजिक असमानता को समाप्त करने और समतावादी समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, "यह छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले, सावित्रीबाई फुले, भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर और कई अन्य लोगों की भूमि है। हमें सामाजिक असमानता को समाप्त करने और समतावादी समाज बनाने के लिए प्रयास जारी रखना चाहिए।

मुंबई होर्डिंग हादसा

# लखनऊ से आरोपी को हुआ गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई होर्डिंग हादसा में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुंबई पुलिस ने होर्डिंग हादसे में फरार आरोपी को धरदबोचा है। मंगलवार को अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई पुलिस ने घाटकोपर में होर्डिंग ढहने के मामले में मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान कारोबारी अरशद खान (42) के रूप में हुई है। मामले के संबंध में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाए जाने के बाद से वह पिछले सात महीने से ही फरार हो गया था। जानकारी दें कि घाटकोपर इलाके में 13 मई को तेज हवाओं और बारिश के बीच एक पेट्रोल पंप पर विशालकाय अवैध होर्डिंग गिर गया था। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक घायल हुए थे।



### अरशद खान को किया गिरफ्तार

अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान कई बातों का पता चला। अधिकारी ने बताया कि होर्डिंग लगाने वाली ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अरशद खान से जुड़े कुछ लोगों के बैंक खातों में 82 लाख रुपये हस्तांतरित किए थे। उन्होंने बताया कि अरशद खान पूर्व राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आयुक्त कैसर खालिद की पत्नी का व्यावसायिक सहयोगी भी था। अपना प्रारंभिक बयान दर्ज कराने के बाद अरशद खान मामले में जांच कर रहे मुंबई पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने उपस्थित नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि पुलिस पिछले कुछ महीनों से अरशद खान की तलाश में जुटी थी, लेकिन वह समय-समय पर अपना ठिकाना बदलता रहा। उन्होंने बताया कि खान को आखिरकार रविवार को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया।

### खातों में लेन-देन का खुलासा

जीआरपी की जमीन पर होर्डिंग लगाने की जब मंजूरी दी गई थी उस वक्त खालिद राजकीय रेलवे पुलिस आयुक्त थे तथा कथित चूक के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों से खान से जुड़े लोगों के खातों में कई लेनदेन हुए। पुलिस ने पहले दावा किया था कि इनमें से अधिकतर लेन-देन उस समय हुए जब खालिद जीआरपी आयुक्त थे।

# कांग्रेस ने नितेश राणे को लगाई लताड़

**पीएम मोदी से की मंत्री पद से बर्खास्तगी की मांग**



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे के 'मिनी पाकिस्तान' वाले बयान पर सियासी हलचल मच गई है। राज्य के नेताओं के साथ-साथ अब राष्ट्रीय दलों के नेताओं ने भी नितेश राणे और भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

समाजवादी पार्टी के अबू आजमी से लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन तक ने नितेश राणे को जमकर लताड़ा है। अब इस मामले में कांग्रेस ने भी नितेश राणे की आलोचना की है और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने रविवार को पुणे जिले की पुरंदर तहसील में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि ₹केरल 'मिनी पाकिस्तान' है। आतंकवादियों ने पहले राहुल गांधी को वोट दिया और अब उनकी बहन प्रियंका गांधी को वोट दिया है।

### 'भाजपा केरल के खिलाफ जहर उगलती है'

कांग्रेस ने मंत्री नितेश राणे के विवादित बयान पर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राणे के बयान पर थोड़ी भी शर्मिंदगी है तो उन्हें राणे को तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह दावा भी किया कि केरल ने भाजपा को कभी स्वीकार नहीं किया है और भविष्य में भी नहीं करेगा। केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि ₹भा.ज.पा. समय-समय पर केरल के खिलाफ जहर उगलने के लिए अपने नफरत फैलाने वाले नेताओं को आगे करती है। 'मिनी पाकिस्तान' जैसे शब्दों का इस्तेमाल यह दर्शाता है कि उनके मन में केरल के लोगों के प्रति कितनी गहरी दुश्मनी है।

### 'केरल, दुनिया के लिए एक आदर्श राज्य'

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पूरी दुनिया के लिए केरल एक आदर्श राज्य है, जो मानव विकास सूचकांक, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य सुविधाओं में लगातार शीर्ष पर रहा है। केरल सभी धर्मों और संप्रदायों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक रहा है।

वेणुगोपाल ने दावा किया कि समतावाद, समावेशिता और सामाजिक न्याय की वकालत करने वाले श्री नारायण गुरु, चट्टंबी स्वामीकल और महात्मा अय्यंकाली की भूमि के लिए अपमानजनक भाषा का उपयोग करना भाजपा की उपेक्षापूर्ण मानसिकता को दर्शाता है, जो अपने ही देश के नागरिकों के प्रति रखती है।

# सफाईकर्मी ने किया महिला का ECG

## वीडियो वायरल होने के बाद थाने में दर्ज हुई शिकायत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के एक सरकारी अस्पताल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक सफाई कर्मचारी महिला का ECG करता हुआ नजर आ रहा है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया और महिला के ECG की जिम्मेदारी अब फिजिशियन असिस्टेंट को सौंप दी है।

28 दिसंबर को समाजवादी पार्टी की पूर्व नगरसेविका रुकसाना सिद्दीकी ने बुर्का पहनकर अस्पताल का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्हें सफाई कर्मचारी को महिला का ECG करते हुए देखा। पूछताछ करने पर कर्मचारी ने बताया कि वह स्वीपर है और अस्पताल में स्टाफ की कमी के कारण उसे यह जिम्मेदारी दी गई है।

### सफाईकर्मी को दी गई जिम्मेदारी, अस्पताल प्रशासन ने स्वीकार की लापरवाही



रुकसाना सिद्दीकी ने मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी और अस्पताल प्रशासन ने स्वीकार किया कि पिछले तीन वर्षों से स्टाफ की भारी कमी हो रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि प्राइवेट स्टाफ उपलब्ध नहीं होने के कारण सफाई कर्मचारी को ट्रेनिंग देकर यह जिम्मेदारी दी गई थी।

### शिकायत दर्ज करने के बाद कार्रवाई की मांग

रुकसाना सिद्दीकी का कहना है कि यह पूरी तरह से गलत है और कोई पुरुष कर्मचारी अकेले महिला का ECG नहीं कर सकता। उन्होंने स्थानीय पुलिस स्टेशन में सफाई कर्मचारी और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय लोग भी इस घटना को लेकर चिंतित हैं और उनका कहना है कि बीएमसी को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सुनिश्चित करना चाहिए कि मेडिकल सेवाओं में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

## पश्चिम रेलवे ने बांद्रा टर्मिनस-अजमेर के बीच विशेष ट्रेन के फेरे बढ़ाए

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | चलने का दिन | विस्तारित दिनांक |
|---|---|---|---|
| 09622 | बांद्रा टर्मिनस - अजमेर (साप्ताहिक विशेष) | सोमवार | 31 मार्च, 2025 |
| 09631 | अजमेर-बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक विशेष) | रविवार | 30 मार्च, 2025 |

ट्रेन संख्या 09622 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 01.01.2025 को पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगी। समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

उपर्युक्त ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

# कचरे के ढेर में मिला 7 महीने की बच्ची का शव

## पुलिस जांच में जुटी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के चारकोप इलाके में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहां एक कचरे के ढेर में 7 महीने की बच्ची का शव पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### पुलिस की जांच जारी

घटना मुंबई के चारकोप क्षेत्र स्थित अष्टविनायक सोसायटी बिल्डिंग के सामने की है। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि बच्ची को कचरे में किसने फेंका। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की तलाश कर रही है ताकि इस मामले के बारे में और जानकारी मिल सके। पुलिस का कहना है कि नवजात शिशु की मौत को छिपाने और शव को ठिकाने लगाने का कोई ठोस सबूत नहीं मिला है, लेकिन वे इलाके की गर्भवती महिलाओं और हाल ही में बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं के बारे में जानकारी एकत्र कर रहे हैं।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि बच्ची की मौत किस वजह से हुई थी। जांच के बाद पुलिस दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। इस घटना के बाद सोसायटी के निवासियों में हड़कंप मच गया है और वे इस निर्मम घटना को लेकर सदमे में हैं।

# बेस्ट की इलेक्ट्रिक बस से निकला धुआं

## सुरक्षित बाहर निकाले गए सभी यात्री

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बृहन्मुंबई नगर निगम द्वारा संचालित 'बेस्ट' की एक लीज वाली इलेक्ट्रिक बस की ओवरहेड बैटरी से धुआं निकलने लगा। इसके बाद यात्रियों को बाइकुला इलाके में उतारकर बस को खाली किया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। बस मार्ग संख्या-126 पर चल रही थी और जजामाता उद्यान की ओर जा रही थी। घटना आज दोपहर करीब 1.15 बजे बाबासाहेब आंबेडकर रोड पर हुई। एक सूत्र ने बताया कि हो सकता है कि बस किसी निर्माणाधीन पुल के ऊपरी हिस्से से टकराई हो। लेकिन धुएं की सही वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है।



### ओलेक्ट्रा कंपनी ने किया था इलेक्ट्रिक बस का निर्माण

अधिकारी ने बताया कि बस का निर्माण ओलेक्ट्रा ने किया था। इस महीने की शुरुआत कुर्ला में एक बड़ा बस हादसा हुआ था। इस बस का निर्माण भी इसी कंपनी ने किया था। बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) अपनी ज्यादातर ई-बसें निजी ठेकेदारों से वेट-लीज आधार पर किराए पर लेती है।

### फोन कॉल मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचा दमकल वाहन

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि एक फोन कॉल आने के बाद दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। अधिक जानकारी का इंतजार था। इससे पहले सोमवार को बांद्रा स्टेशन (पूर्व) से मुलुंड (पूर्व) के बीच मार्ग संख्या-303 पर चलने वाली धारावी डिपो की एक बेस्ट बस में आग लग गई थी। आग लगने की यह घटना घाटकोपर के गांधीनगर जंक्शन पर हुई।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

के.ई.एम. अस्पताल. परेल, मुंबई-400 012

**ई-निविदा सूचना**

नं- के.ई.एम.एच.5036 /ए.ई.एम.ई. दिनांक-16.12.2024

यह एक ई-निविदा सूचना है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के मनपा आयुक्त "आइटम दर के आधार पर" निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. | कार्य का नाम | बयाना राशि | बोली आरंभ तिथि और समय | बोली समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | के.ई.एम. अस्पताल के विभिन्न विभागों से स्क्रैप किए गए मेडिको इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/मशीनों की बिक्री और हटाना। **निविदा आईडी-2024 एमसीजीएम _1131936 1** | 10000/- @1% | 01.01.2025 (17:00 बजे) | 08.01.2025 (17:00 बजे) |
| | पात्रता मानदंड (पैकेट "ए") | 10.01.2025 | 17:30 बजे | |
| | तकनीकी बोली (पैकेट "बी) | पैकेट ए के सफल अनुपालन के बाद | | |
| | वाणिज्यिक बोली (पैकेट "सी") | निर्धारित समय के अनुसार | | |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के आगे के विवरण के लिए (http://mahatender.gov.in) पर जाएँ। निविदाकर्ता ध्यान दें कि इस निविदा नोटिस के संबंध में जारी किया गया कोई भी शुद्धिपत्र केवल (http://mahatender.gov.in) पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा। स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

**निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएँगे।**

हस्ता./-
डीन (के.ई.एम. अस्पताल)

पीआरओ/2120/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# मौत के बोरवेल

ऐसे समय में जब देश-दुनिया नये साल के जश्न में डूबने जा रही है मध्यप्रदेश व राजस्थान में खुले बोरवेल में गिरने से हुई दो बच्चों की मौत विचलित करती है। राजस्थान के दोसा जिले और मध्यप्रदेश के गुना की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। गाहे-बगाहे ऐसी खबरें पूरे देश से आती हैं। यह सोचकर ही मन सिहर उठता है कि कोई बच्चा कैसे एक अंधी सुरंग में भूखे-प्यासे, अपर्याप्त ऑक्सीजन व बिना हिले-डुले कुछ दिन मौत की प्रतीक्षा करता होगा। भय व घुप्प अंधेरे में बच्चा किन मानसिक व शारीरिक यातनाओं से गुजरता होगा, सोचकर भी डर लगता है। लेकिन फिर भी हमारा संवेदनहीन समाज व लापरवाह तंत्र इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं लेता। जिस बोरवेल को खुदवाने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, उसका मुंह बंद करने के लिये चंद रुपये खर्च करने में लोग आपराधिक लापरवाही दिखाते हैं। राजस्थान के कोटपुतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को एक सप्ताह बाद भी न निकाला जाना तंत्र की विफलता को दर्शाता है। निस्संदेह, यह अभियान जटिल बताया जाता है और बारिश ने राहत कार्य में बाधा डाली, लेकिन शुरुआत में प्रशासन की शिथिलता पर सवाल उठे हैं। ऐसे अभियानों में राष्ट्रीय आपदा निरोधक बल तथा स्थानीय सुरक्षा बलों की नाकामी गाहे-बगाहे उजागर होती रहती है। निस्संदेह, ऐसे संकटों में तत्काल कार्रवाई और राहत- बचाव कार्य को आधुनिक तकनीक से शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। यही वजह है कि आए दिन होने वाले बोरवेल हादसों के मद्देनजर देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2010 में इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए थे ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके। जिसमें बोरवेल के चारों ओर बाड़ लगाने तथा मजबूत बोल्ट के साथ स्टील कवर लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आए दिन बोरवेल में बच्चों के गिरने के मामले सामने आ रहे हैं। जाहिर किसान व स्थानीय प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। अन्यथा ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न होती। अकसर स्थिति जटिल होने पर सेना के विशेषज्ञों की भी मदद ली जाती है। कई बार इतनी देर बाद सेना के विशेषज्ञों को बुलाया जाता है कि बच्चों के बचने की उम्मीद क्षीण हो चुकी होती है। निश्चित रूप से बोरवेल की देखरेख करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है। ऐसे मामलों में लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों को दंडित करने की जरूरत है। उनका दायित्व बनता है कि खुले बोरवेल के मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। समाज के लोगों को भी इस बाबत सचेत करने की जरूरत है ताकि वे प्रशासन को खुले बोरवेल की सूचना दे सकें। यदि समाज सचेत और संवेदनशील रहेगा तो उसका दबाव प्रशासन भी महसूस करेगा। फिर इस सजगता-सतर्कता से कई बच्चों की अनमोल जिंदगी बचायी जा सकेंगी।

# विरोध-प्रतिरोध के बीच पनपता जीवंत लोकतंत्र



राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से 2024 का साल भारत के लिए घटनाओं और उपलब्धियों से भरा रहा। आर्थिक मोर्चे पर भारत का उदय नए पावर हाउस के रूप में हो रहा है, पर साल की सबसे बड़ी गतिविधि राजनीति से जुड़ी थी। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को पूरा हुआ, पर जो परिणाम आए, उनसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को धक्का लगा। हालांकि, नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला, पर अब भाजपा के पास पूर्ण बहुमत न होने से वह अपने सहयोगी दलों का सहारा ले रही है।

बीजेपी को सबसे बड़ा धक्का उत्तर प्रदेश में लगा है, जहां के कुल 80 क्षेत्रों में से उसे केवल 33 में विजय मिली। समाजवादी पार्टी ने राज्य में 37 सीटों पर जीत हासिल करके भाजपा को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। यह अप्रत्याशित था। राहुल गांधी के लिए भी व्यक्तिगत रूप से इस बार का चुनाव लाभकारी रहा। वर्ष 2019 में उन्हें अमेठी से हार का सामना करना पड़ा था, वहीं इस बार उन्होंने अमेठी से वापसी की। नेहरू-गांधी परिवार की एक अन्य सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस साल सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया। लोकसभा चुनाव में अमेठी और वायनाड दोनों सीटों पर जीत के बाद राहुल गांधी ने वायनाड की सीट को छोड़ दिया, जहां से प्रियंका गांधी जीतकर आईं। लोकसभा चुनाव के परिणामों ने एकबारगी यह सोचने को मज़बूर किया कि क्या बीजेपी की विजय के चक्के ने अब उल्टी दिशा में घूमना शुरू कर दिया है? पर ऐसा भी नहीं है। इस वर्ष आंध्र प्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा, सिक्किम, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभाओं के चुनाव भी हुए। जम्मू-कश्मीर में एक दशक के बाद विधानसभा चुनाव हुआ था। राज्य में अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह पहला चुनाव था। इस बार मतदाताओं ने वोटिंग के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शानदार वापसी की। वहीं हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र और खासतौर से महाराष्ट्र के परिणामों ने बीजेपी को भारी राहत प्रदान की।

प्रधानमंत्री बनने के नरेंद्र मोदी ने गृह, रक्षा, वित्त और विदेश विभाग अपने उन्हीं सहयोगियों को सौंपे जो पिछले कार्यकाल में उनके मंत्री थे। इससे उन्होंने यह ज़ाहिर कर दिया कि जैसा चल रहा था, वैसा ही चलेगा। बहरहाल केंद्र में गठबंधन की मजबूरियों के कारण इस सरकार को अब अगले चार साल तक अपने राजनीतिक-कार्यक्रमों को लागू करने में वैसी स्वतंत्रता नहीं होगी, जैसी पिछले दस वर्षों में रही। साल के अंत में सरकार ने 'एक देश, एक चुनाव' कार्यक्रम के साथ संविधान-संशोधन का विधेयक पेश किया है। उसे फिलहाल संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है। अब उसे पास कराने के लिए जिस विशेष दो-तिहाई बहुमत की जरूरत भविष्य में होगी, उसके लिए सरकार को अपने गठबंधन सहयोगियों के अलावा दूसरे दलों के समर्थन की जरूरत भी होगी। साल की शुरुआत 22 जनवरी को अयोध्या के राममंदिर की स्थापना के साथ हो गई। लगता था कि अयोध्या-विवाद का समाधान हो जाने के बाद बीजेपी के पास एक मसला कम हो गया है, पर ऐसा है नहीं। वाराणसी के ज्ञानवापी, मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि, राजस्थान के अजमेर शरीफ़ और अब संभल के विवादों ने राष्ट्रीय-परिदृश्य को घेर लिया है। इन विवादों के संदर्भ में साल के आखिरी महीने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान ने एक और बहस को जन्म दे दिया है, जो संभवतः अगले साल के राष्ट्रीय-परिदृश्य को प्रभावित करती रहेगी।

मोहन भागवत ने 19 दिसंबर को पुणे में 'हिंदू सेवा महोत्सव' के उद्घाटन के दौरान कहा, 'मंदिर-मस्जिद के रोज़ नए विवाद निकालकर कोई नेता बनना चाहता है तो ऐसा नहीं होना चाहिए, हमें दुनिया को दिखाना है कि हम एक साथ रह सकते हैं। अब वर्चस्व का ज़माना ख़त्म हो गया है। यह सब पुरानी लड़ाइयां हैं, इन्हें भूलकर हमें सबको संभालना चाहिए।' भागवत के बयान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कुछ धर्माचार्यों की प्रतिक्रियाओं ने उत्तर भारत के सर्द माहौल में गर्मी पैदा कर दी है। इस गर्मी के साथ साल के अंत में डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर पैदा हुई तल्खी भी साल की महत्वपूर्ण घटनाओं में एक है। अंबेडकर की विरासत को लेकर राजनीति में तूफान आया हुआ है। अमित शाह की टिप्पणी के बाद संसद के परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान दोनों पक्षों के बीच हाथापाई तक हुई। अगले साल की पहली तिमाही में ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, इसलिए यकीनन सभी दल इस मुद्दे को उठाना जारी रखेंगे।

इस तूफान के लक्षण 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले प्रकट होने लगे थे, जब कांग्रेस ने जाति और संविधान की रक्षा को अपना मुद्दा बनाया। कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी '400 पार' इसलिए चाहती है, ताकि वह संविधान को खत्म कर सके। संविधान खत्म होगा, तो आरक्षण भी खत्म हो जाएगा। माना जाता है कि आरक्षण खत्म होने के भय ने दलित वोटर को 'इंडिया' गठबंधन की शरण में जाने को प्रेरित किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल से बाहर आने के बाद उनके इस्तीफे ने भी राजनीतिक गलियारों में हलचल मचाई है। केजरीवाल के अलावा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इस साल जेल जाना पड़ा, पर विधानसभा चुनाव में उनकी जीत ने इस कष्ट को काफी कम कर दिया। चुनाव का वर्ष होने के कारण इस साल पहले फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया और फिर नई लोकसभा के गठन के बाद जुलाई में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्ण बजट पेश किया।

भारत 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा, वहीं 2040 तक चंद्रमा पर मानव उतारकर इतिहास रचेगा। सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अंतरिक्ष कार्यक्रमों को लेकर कुछ फैसले किए गए। सरकार ने अपने शुक्र ऑर्बिटर मिशन, गगनयान फॉलो-ऑन और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के साथ-साथ अगली पीढ़ी के लॉन्च वाहन विकास को भी मंजूरी दी। इस साल लंबी दूरी की हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण ने भारत की रक्षा तैयारियों को काफी मजबूत किया। इसके अलावा, भारत ने अमेरिका के साथ 3.5 अरब डॉलर का ड्रोन सौदा किया, जिससे तीनों सेनाओं की क्षमता में वृद्धि होगी।

जीवन मंत्र

रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य

# कल्याण का धाम है शरीर

जीवन को परिपूर्णता देने के लिए हमें शुरू से ही संसाधन मिले हैं। इन संसाधनों का प्रयोग भी हमें बतलाया जाए, छोटी ही आयु से। अभिभावक भी इस प्रयोग को करें। आज अभिभावक भी टीवी पर गलत देख रहे हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। हम अपने जीवन को सबके लिए लाभप्रद बनाएं।

बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो- गांधी जी की यह शिक्षा है। यह वेदों ने भी कहा है। हम केवल भद्र को सुनेंगे। दूसरों की निंदा सुनकर आदमी राक्षस हो जाता है। कान भी बुरी बातों को सुनने का आदी हो जाता है। चरस पीने वालों को दूसरा नशा काम नहीं करता, जैसे शराब पीने वाले को दूसरा पेय प्रभावित नहीं करता, सुकून नहीं देता। शुरू से ही हमें गलत, असभ्य बातों पर कान नहीं देना है। वेदों ने कहा कि हमें भद्र को सुनना है। भद्र माने? जो हमें विकृत प्रेरणा नहीं दे सकता। भद्र को ही सुनना और भद्र्र को ही देखना-सीखना चाहिए।

जब हम छोटे थे, तब लोग देखते थे कि हम किसे देख रहे हैं? यदि हमारा लड़का सयाना है और जिसे नहीं देखना चाहिए, उसे देख रहा है, तो बड़े लोग टोकते थे कि क्या देख रहे हो? मुझे गुरुजी का ध्यान है कि मेरे कमरे में खिड़की थी, खिड़की के पार एक परिवार के लोग रहते थे, बीच में गली थी। उस खिड़की से बाहर देखते हुए मुझे गुरुजी ने नहीं देखा, लेकिन जब वह देख लेते थे कि कभी खिड़की खुली है, तब वह कठोर शब्दों का प्रयोग करके मेरी भर्त्सना करते थे। पूछते थे, उधर की खिड़की क्यों खुली है?



परिणाम यह कि पांच-पांच महीने निकल जाते, और मैं उस तरफ की खिड़की नहीं खोलता।

आज भी जहां रहता हूं, वहां खिड़की को नहीं खोलना है, आदत हो गई है। हमें बाहर क्या देखना है, कौन सी चीज कमरे में नहीं है, बाहर किसको देखकर हम वैज्ञानिक या विरागी हो जाएंगे? तो भद्र को ही सुनना, भद्र को ही देखना और भद्र को ही छूना, यह बच्चों को शुरू से बताना चाहिए।

संत शिरोमणि डोंगरे जी का प्रवचन सुन रहा था। उन्होंने कहा, 'हम किसी को दो पैसे दे दें, उसे जब जरूरत हो, किंतु अपनी आंख और कान नहीं दें।' लोग अनावश्यक बहुत बोलते हैं और अनावश्यक बहुत सुनते हैं। आदमी किसी को भी सुन लेता है। हम क्यों सुनें? हम क्यों देखें? हमें देखने से कुछ अच्छा मिले, तो देखें? क्या जो भी मिलेगा, ग्रहण कर लेंगे? जीवन भर इंद्रियों का प्रयोग करना है, ईश्वर ने दिया है।

हमारे कल्याण के संसाधनों का धाम है शरीर। जीवन को परिपूर्णता देने के लिए हमें शुरू से ही संसाधन मिले हैं। इन संसाधनों का प्रयोग भी हमें बतलाया जाए, छोटी ही आयु से। अभिभावक भी इस प्रयोग को करें। आज अभिभावक भी टीवी पर गलत देख रहे हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। हम अपने जीवन को सबके लिए लाभप्रद बनाएं। इसलिए इस बात पर ध्यान दीजिए, वह कौन सी शिक्षा होगी कि इसी संसार में अनेक महान विभूतियों ने ऋषित्व जीवन प्राप्त किया।

शख्सियत | आनंद कुमार

## पद्म श्री से सम्मानित गणित के शिक्षक



आनंद कुमार एक गणित शिक्षक हैं, जो अपने सुपर 30 कार्यक्रम के लिए जाने जाते है। इसे उन्होंने 2002 में बिहार के पटना में अभयानंद के साथ शुरू किया था, जो प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन और जेईई-एडवांस्ड के लिए वंचित छात्रों को कोचिंग देने के लिए जाने जाते हैं। कुमार को टाइम पत्रिका की 2010 की एशिया की सर्वश्रेष्ठ सूची में नामित किया गया था। 2023 में, उन्हें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

आनंद कुमार का जन्म 1 जनवरी 1973 में बिहार में हुआ था। उनके पिता भारत के डाक विभाग में क्लर्क थे। उनके पिता अपने बच्चों के लिए निजी स्कूली शिक्षा का खर्च वहन नहीं कर सकते थे, और आनंद ने एक हिंदी माध्यम के सरकारी स्कूल में दाखिला लिया, जहां उन्होंने गणित में गहरी रुचि विकसित की।

बचपन में, उन्होंने बिहार के पटना में पटना हाई स्कूल में पढ़ाई की। अपने स्नातक स्तर की पढ़ाई के दौरान, कुमार ने संख्या सिद्धांत पर पेपर प्रस्तुत किए, जो गणितीय स्पेक्ट्रम में प्रकाशित हुए। कुमार ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश ले लिया, लेकिन अपने पिता की मृत्यु और अपनी वित्तीय स्थिति के कारण वह इसमें शामिल नहीं हो सके।

कुमार को भारत के राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द द्वारा राष्ट्रीय बाल कल्याण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक कनाडाई सांसद मार्क डाल्टन ने कनाडाई संसद में शिक्षा के एक सफल मॉडल के रूप में वंचित बच्चों के साथ आनंद कुमार के 'प्रेरणादायक कार्य' की प्रशंसा की है। आनंद कुमार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा मानद पीएचडी से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयासों को अग्रणी माना जाता है। आनंद कुमार को सैन जोस, कैलिफोर्निया में एक समारोह में फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस इन एजुकेशन (एफएफई) द्वारा एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2019 से अमेरिका में सम्मानित किया गया है। आनंद कुमार को चेन्नई में महावीर पुरस्कार प्राप्त हुआ। बॉलीवुड निर्देशक विकास बहल ने सुपर 30 नामक एक फिल्म का निर्देशन किया है, जिसमें ऋतिक रोशन ने आनंद कुमार की भूमिका निभाई है, जो उनके जीवन और कार्यों पर आधारित है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और कई छात्रों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन गई।

जीवन ऊर्जा


एडवर्ड मॉर्गन फोस्टर : जन्म 1 जनवरी, 1879 | जन्म

एडवर्ड मॉर्गन फोस्टर एक अंग्रेजी लेखक थे। उनका जन्म 1 जनवरी, 1879 में हुआ था। वे अपने उपन्यासों, विशेष रूप से 'ए रूम विद ए व्यू' (1908), 'हावर्ड्स एंड' (1910) और 'ए पैसेज टू इंडिया' (1924) के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कई लघु कथाएं, निबंध, भाषण और प्रसारण भी लिखे, साथ ही सीमित संख्या में आत्मकथाएं और कुछ तमाशा नाटक भी लिखे। उन्होंने ओपेरा बिली बड (1951) का सह-लेखन भी किया। आज, उन्हें एडवर्डियन युग के अंग्रेजी उपन्यासकारों में सबसे सफल माना जाता है।

## जुनून वाला व्यक्ति रुचि रखने वाले चालीस लोगों से बेहतर है

जुनून वाला एक व्यक्ति केवल रुचि रखने वाले चालीस लोगों से बेहतर है। हमें उस जीवन को जाने देने के लिए तैयार रहना चाहिए जिसकी हमने योजना बनाई है, ताकि वह जीवन प्राप्त हो सके जो हमारी प्रतीक्षा कर रहा है। आप भ्रमित करते हैं कि क्या प्रभावशाली है और क्या महत्वपूर्ण है।

व्यक्ति प्रशंसा, या दोष, या सलाह दिए जाने का आदी हो जाता है, लेकिन इसे समझा जाना असामान्य है। लंबे समय में चम्मच से खाना हमें चम्मच के आकार के अलावा और कुछ नहीं सिखाता है। हम जहां कहीं भी खड़े होते हैं, उस चीज पर छाया डालते हैं। मानवीय संबंध असंभव हैं, जब वे वास्तविक होते



हैं तो वे असहज होते हैं, और जब वे सहज होते हैं तो वे असत्य होते हैं; यह एकांत की यात्रा के लिए था कि मानव आत्मा का निर्माण किया गया। निजी जीवन में प्यार एक बड़ी ताकत है; यह वास्तव में सभी चीजों में सबसे महान है; लेकिन सार्वजनिक मामलों में प्यार काम नहीं आता। जीवन वायलिन पर एक सार्वजनिक प्रदर्शन है, जिसमें आपको आगे बढ़ते हुए वाद्ययंत्र सीखना चाहिए। जब तक हम याद नहीं करते हम समझ नहीं सकते।

जब तक आपके पास पैसा है तब तक कोई बड़ा जोखिम नहीं है। जीवन हमें कभी वह नहीं देता जो हम उस समय चाहते हैं जिसे हम उचित समझते हैं। लोगों को प्यार करना चाहिए और उन पर भरोसा करना चाहिए अगर किसी को जीवन को गड़बड़ाना नहीं है। बोलने से पहले सोचें आलोचना का आदर्श वाक्य है; आपके सोचने से पहले बोलें, सृष्टि की।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# मोहरूपी अज्ञान से मुक्त करता है गीता और मानस

'गीता' में एक पूरा अध्याय श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को समर्पित है। वहीं'मानस' में यत्र तत्र सर्वत्र श्रीराम के विराट स्वरूप का वर्णन किया गया है ! कागभुशुण्डि, मंदोदरी के माध्यम से गोस्वामी जी ने श्रीराम के





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अलौकिक, दिव्य और विराट स्वरूप का वर्णन किया है।

'गीता' में भगवान कहते हैं-

'तमस्त्वज्ञानजं विद्धि मोहनं सर्वदेहिनाम्,
प्रमादालस्यनिद्राभिस्तन्निबध्नाति भारत।'

(हे भरतपुत्र ! तुम जान लो कि अज्ञान से उत्पन्न तमोगुण समस्त देहधारी जीवों का मोह है। इस गुण के प्रतिफल प्रमाद, आलस्य और नींद हैं जो जीव को बंधन में डालते हैं।)

गोस्वामी जी कहते हैं-

'मोह सकल बयाधिन्ह
कर मूला'

दोनों ग्रंथों में मोहरूपी अज्ञान से मुक्त होने के लिए मानसिकता को बदलने की शिक्षा दी गई है और संसार सागर से पार उतरने का एकमात्र उपाय भगवान के प्रति पूर्ण शरणागति का प्रतिपादन है। श्रीकृष्ण गारंटी देते हैं-

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं
शरणं व्रज,अहं त्वां
सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा
शुचः।

(समस्त प्रकार के धर्मों का परित्याग करो और मेरी शरण में आ जाओ। मैं समस्त पापों से तुम्हारा उद्धार कर दूंगा। डरो मत।) श्रीराम भी विश्वास दिलाते हैं-

कोटि बिप्र बध लागहिं जाहू,
आएं सरन तजउं नहिं ताहू।
सम्मुख होइ जीव मोहि
जबहीं, जन्म कोटि अघ
नासहिं तबहीं।

(जिसे करोड़ों हत्याओं का पाप लगा हो, शरण में आने पर मैं उसे भी नहीं त्यागता। जीव ज्यों ही मेरे सम्मुख होता है यानी शरणागत होता है, त्यों ही उसके करोड़ों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।)

श्रीकृष्ण हमें विश्वास दिलाते हैं- अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते,
तेषां नित्याभियुक्तानाम् योगक्षेमम् वहाम्यहम्।

(जो लोग अनन्यभाव से मेरे दिव्यरूप का ध्यान करते हुए निरन्तर मेरी पूजा करते हैं, उनकी आवश्यकताओं को मैं पूरा करता हूं, उनके कुशलक्षेम का वहन करता हूं, उनकी सब प्रकार से रक्षा करता हूं।)

'मानस' में प्रभु श्रीराम अपने भक्तों को निश्चिंत करते हैं-

भजहिं जे मोहि तजि
सकल भरोसा।
करउँ सदा तिन्ह कै रखवारी,
जिमि बालक राखइ महतारी।

(जो समस्त आशा भरोसा छोड़कर केवल मुझे भजते हैं, मैं सदा उनकी रखवाली ऐसे करता हूं जैसे माता अपने बालक की रक्षा करती है।)

आइए इन अलौकिक ग्रंथों के सत्संग का लाभ उठाएं और अपने अज्ञानता के अंधकार से बाहर निकलकर परमपिता परमेश्वर की शरण में रहते हुए जीवन संग्राम में विजयी हों और अपनी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करें।

सक्सेस मंत्र

## खुद पर भरोसा हो तो आप जग जीत सकते हैं

एक बार एक व्यक्ति रेगिस्तान में कहीं भटक गया। उसके पास खाने-पीने की जो थोड़ी बहुत चीजें थीं, वो जल्द ही खत्म हो गई और पिछले दो दिनों से वह पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा था। वह मन ही मन जान चुका था कि अगले कुछ घंटों में अगर उसे कहीं से पानी नहीं मिला तो उसकी मौत निश्चित है। हालांकि कहीं न कहीं उसे ईश्वर पर यकीन था कि कुछ चमत्कार होगा और उसे पानी मिल जाएगा। इस दौरान उसे एक झोंपड़ी दिखाई दी, उसे अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ। इससे पहले वह मृगतृष्णा और भ्रम के कारण धोखा खा चुका था। वह अपनी बची कुची ताकत से झोंपड़ी की ओर बढ़ने लगा। वह जैसे-जैसे करीब पहुंचता, उसकी उम्मीद बढ़ती जाती और इस बार भाग्य भी उसके साथ था। सचमुच वहां एक झोंपड़ी थी, पर यह क्या? झोंपड़ी तो वीरान पड़ी थी। मानों सालों से कोई वहां भटका ही न हो। फिर भी पानी की उम्मीद में वह व्यक्ति झोंपड़ी के अंदर घुसा, वहां का नजारा देख चौंक गया।वहां एक हैंड पंप लगा था, वह व्यक्ति एक नई उर्जा से भर गया। पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसता वह तेजी से हैंड पंप को चलाने लगा लेकिन हैंड पंप तो कब का सूख चुका था। वह व्यक्ति निराश हो गया, उसे लगा कि अब उसे मरने से कोई नहीं बचा सकता। वह निढाल होकर गिर पड़ा। अचानक उसे झोंपड़ी की छत से बंधी पानी से भरी एक बोतल दिखाई दी। वह किसी तरह उसकी तरफ लपका और उसे खोलकर पीने ही वाला था कि तभी उसे बोतल से चिपका एक कागज़ दिखा उस पर लिखा था, इस पानी का प्रयोग हैंड पंप चलाने के लिए करो और वापस बोतल भरकर रखना न भूलना। यह एक अजीब सी स्थिति थी। उस व्यक्ति को समझ नहीं आ रहा था कि वह पानी पीये या उसे हैंडपंप में डालकर चालू करे। उसके मन में तमाम सवाल उठने लगे, अगर पानी डालने पर भी पंप नहीं चला। यहां लिखी बात झूठी हुई और क्या पता जमीन के नीचे का पानी भी सूख चुका हो। लेकिन क्या पता पम्प चल ही पड़े, क्या पता यहां लिखी बात सच हो, वह समझ नहीं पा रहा था कि क्या करे ? फिर कुछ सोचने के बाद उसने बोतल खोली और कांपते हाथों से पानी पम्प में डालने लगा। पानी डालकर उसने भगवान से प्रार्थना की और पम्प चलाने लगा ।एक, दो, तीन और हैण्ड पम्प से ठण्डा-ठण्डा पानी निकलने लगा। वह पानी किसी अमृत से कम नहीं था। उस व्यक्ति ने जी भरकर पानी पिया, उसकी जान में जान आ गयी। दिमाग काम करने लगा। उसने बोतल में फिर से पानी भर दिया और उसे छत से बांध दिया। जब वो ऐसा कर रहा था, तभी उसे अपने सामने एक और शीशे की बोतल दिखी। खोला तो उसमें एक पेंसिल और एक नक्शा पड़ा हुआ था, जिसमें रेगिस्तान से निकलने का रास्ता था। उस व्यक्ति ने रास्ता याद कर लिया और नक़्शे वाली बोतल को वापस वहीं दिया। इसके बाद उसने अपनी बोतलों में (जो पहले से ही उसके पास थीं) पानी भरकर वहां से जाने लगा। कुछ आगे बढ़कर उसने एक बार पीछे मुड़कर देखा, फिर कुछ सोचकर वापस उस झोंपड़ी में गया और पानी से भरी बोतल पर चिपके कागज़ को उतारकर उस पर कुछ लिखने लगा। उसने लिखा- मेरा यकीन करिए यह हैंड पंप काम करता है

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# मुंबई के लीलावती अस्पताल में हुआ 85 का करोड़ घोटाला

## पूर्व ट्रस्टियों के खिलाफ FIR दर्ज

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई स्थित लीलावती अस्पताल में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। इससे अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल के पूर्व ट्रस्टियों ने करोड़ों का घोटाला किया है। पुलिस में शिकायतकर्ता की शिकायत पर एफआई दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई कर रही है।महाराष्ट्र के मुंबई स्थित लीलावती अस्पताल के पूर्व ट्रस्टियों के खिलाफ 85 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। मुंबई पुलिस ने बताया कि अस्पताल के वर्तमान ट्रस्टी मोहित सुरेश माथुर की शिकायत पर बांद्रा पुलिस थाने में सोमवार को पूर्व ट्रस्टियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि वर्ष 2000 से 2023 के बीच ट्रस्टी चेतन विजय मेहता, रश्मि मेहता और भाविन मेहता ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके ट्रस्ट का नियंत्रण कथित रूप से हथिया लिया।




### पूर्व ट्रस्टियों पर लगाए गए ये आरोप

मुंबई पुलिस में की गई शिकायत में कहा गया है कि वकीलों की फीस, परामर्श शुल्क और दवाइयों की खरीद के नाम पर पैसा निकाला गया और कथित तौर पर निजी इस्तेमाल के लिए इस धन का इस्तेमाल किया गया। माथुर ने मजिस्ट्रेट अदालत में याचिका दायर कर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

### पुलिस आरोपियों को जारी करेगी नोटिस

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत के आदेश पर धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के लिए भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है क्योंकि कथित अपराध 2024 से पहले हुए थे। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस आरोपियों को नोटिस जारी कर जांच में शामिल होने को कह सकती है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों से पूछताछ के बाद ही इस मामले में कुछ भी कहा जा सकता है। पुलिस अभी मामले की पड़ताल की जा रही है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# महाराष्ट्र चुनाव के बाद सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियां शुरू

**डीबीडी संवाददाता । नासिक**

सरकार और नागरिकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करने वाले जिला प्रशासन की मिशनरी 2024 में पूरे साल निर्वाचन और अन्य कार्यों में व्यस्त रही। गांवठाण जमीनों के संबंध में निर्णय कुछ लोगों के लिए राहतदायक रहा, लेकिन मंत्रियों की नियुक्ति के अभाव में पानी आरक्षण का मुहूर्त लागू नहीं हो सका। लोकसभा निर्वाचन, शिक्षक चुनाव, विधान परिषद निर्वाचन और बाद में विधानसभा निर्वाचन के रूप में 3 निर्वाचन प्रशासन ने पूरे किए। अब 2027 में नियोजित कुंभ मेले की तैयारी के लिए जिला प्रशासन को आगामी वर्ष में शिवधनुष्य की तैयारी करना होगा। जिला प्रशासन के लिए इस वर्ष निर्वाचन में व्यस्त रहना एक बड़ी चुनौती थी। लगभग 4 महीनों के लिए आचार संहिता के कारण निधि खर्च पर कुछ प्रतिबंध लग गए थे। सामान्य योजनाओं के लिए जिला नियोजन समिति के 850 करोड़ रुपये के निधि में से केवल 33 प्रतिशत निधि विधानसभा आचार संहिता से पहले खर्च किया गया था। आगामी 3 महीनों में शेष निधि खर्च का आव्हान पूरे प्रशासन के सामने रहेगा। पालक मंत्रियों की नियुक्ति में देरी के कारण, नियोजन समिति की बैठक भी लंबित हो गई है। पालक मंत्रियों की अनुपस्थिति में पानी आरक्षण की प्रक्रिया भी रुकी हुई है। इसके बावजूद, जिला प्रशासन ने नियमित आवर्तनों को शुरू करने के लिए एक अच्छी शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वीआईपी व्यक्तियों की नासिक यात्रा के आयोजन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन ने सफलतापूर्वक निभाई है। पालक मंत्री पद की जिम्मेदारी संभालते हुए, दादा भुसे ने मालेगांव में एक सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की, जो राज्य में दूसरी सबसे बड़ी परियोजना है।

### मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी



2024 में लोकसभा, विधानपरिषद और विधानसभा की 3 महत्वपूर्ण निर्वाचनों को सफलतापूर्वक आयोजित करने के दौरान, जिला प्रशासन के प्रयासों से मतदान की दर में वृद्धि हुई। विशेष रूप से, विधानसभा निर्वाचन में एक निजी होटल से 1 करोड़ 98 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई, जिसमें शहर और जिले में नकदी, शराब, नशीले पदार्थ और मूल्यवान वस्तुओं के रूप में करोड़ों रुपये का सामान जब्त किया गया था। इसके अलावा, कुछ कड़ी से लड़ी गई लड़ाइयों के कारण उत्पन्न हुए तनावपूर्ण वातावरण का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया गया। यह जिला प्रशासन के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण परिणाम था, जिसने निर्वाचन प्रक्रिया को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस साल तहसीलदारों के काम के विभाजन का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। इसके अनुसार, नासिक और मालेगांव के तहसीलदारों को सहायक तहसीलदार मिलने से काम के विभाजन में मदद मिली। लेकिन धान्य वितरण व्यवस्था इस साल प्रभावित हुई। विधानसभा चुनाव के कारण दिवाली के अवसर पर लाभार्थियों को शिधा से वंचित रहना पड़ा। गावठाण की जमीन में 9 गुंठे तक की जमीन की खरीद-बिक्री नहीं की जा सकती है। ऐसे में खरीद-बिक्री करने वालों को जमीन को अधिकृत करने के लिए बाजार भाव के 25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। लेकिन अपर जिलाधिकारी के निर्णय के अनुसार 20 प्रतिशत की छूट देने से 5 प्रतिशत राशि का भुगतान करके जमीन को अधिकृत करने का अवसर मिला। लेकिन कुछ लोगों ने इस निर्णय का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। महत्वाकांक्षी परियोजना सूरत-चेन्नई ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का काम लगभग ठप हो गया है। इस साल जनवरी में एनएचएआई ने भूमि अधिग्रहण विभाग को एक पत्र जारी करते हुए 'जैसे थे' स्थिति में भूमि अधिग्रहण कार्य को रोकने के आदेश दिए थे। वर्ष के अंत तक यह रोक हटाई नहीं गई, और परियोजना का काम ठप रहा। नासिक-पुणे रेलवे मार्ग के निर्माण में गति आने के साथ ही, भूमि अधिग्रहण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आगामी समय में जिला प्रशासन पर रहेगी।

# सृजन संस्था द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का हवन और महाप्रसाद के साथ समापन

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

सृजन संस्था द्वारा कल्याण दुर्गा माता मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन हवन और महाप्रसाद के आयोजन के साथ हुआ। इस पावन प्रसंग में हजारों भक्तों ने शामिल होकर महाप्रसाद का आनंद लिया। हर साल की तरह इस बार भी सृजन संस्था ने कल्याण की पवित्र भूमि पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया। यह आयोजन पिछले 18 वर्षों से किया जा रहा है। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर रहे थे। कथा के अंतिम दिन विशेष रूप से हवन और महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं, बच्चों और गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।




### गणमान्य लोगों की उपस्थिति

कथा के समापन पर कल्याण पूर्व की विधायिका श्रीमती सुलभ गायकवाड, विक्की भुल्लर, प्रमोद पांडे, विश्वनाथ दुबे, अजय शुक्ला, बी.पी. सिंह और पप्पू सिंह सहित कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। सभी ने कथा का श्रवण कर आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

### संस्था का विशेष योगदान

कथा के आयोजन को सफल बनाने के लिए सृजन संस्था के अध्यक्ष रामचंद्र पांडे, बृजेश दीक्षित, वीरेंद्र उपाध्याय और अन्य पदाधिकारियों ने कड़ी मेहनत की। उनके प्रयासों से यह धार्मिक आयोजन भव्य और सफल हुआ। यह आयोजन न केवल भक्तों के लिए आध्यात्मिक लाभ का अवसर बना, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का संदेश भी दिया।

# एमआरवीसी ने 2025 के आधिकारिक कैलेंडर का किया अनावरण

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन (एमआरवीसी) ने 2025 के लिए आधिकारिक कैलेंडर का अनावरण किया। इस कैलेंडर को एमआरवीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुभाष चंद गुप्ता ने जारी किया, जो 2024 में संस्था द्वारा हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों और मील के पत्थरों को प्रदर्शित करता है।

### कैलेंडर में दिखाए गए प्रमुख प्रोजेक्ट्स

इस कैलेंडर में एमआरवीसी के विभिन्न परियोजनाओं की तस्वीरें हैं, जो मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण और विस्तार को लेकर किए गए प्रयासों को रेखांकित करती हैं।

### यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता

एमआरवीसी के प्रयासों का उद्देश्य न केवल शहर की रेल अवसंरचना में सुधार करना है, बल्कि यात्रियों के अनुभव को भी बेहतर बनाना है। यह कैलेंडर संस्था की इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो लगातार मुंबईवासियों के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

# पश्चिम रेलवे ने बांद्रा टर्मिनस और अजमेर के बीच स्पेशल ट्रेनों के फेरों को बढ़ाया

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने बांद्रा टर्मिनस और अजमेर के बीच स्पेशल ट्रेनों के फेरों को बढ़ा दिया है। यह कदम यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह विशेष ट्रेनें अब 06 जनवरी से 31 मार्च, 2025 तक चलेंगी। इन विशेष ट्रेनों के फेरों में विस्तार यात्रियों को अधिक सुविधाएं और यात्रा विकल्प प्रदान करेगा।




### स्पेशल ट्रेनों के फेरे के विस्तार की जानकारी

- ट्रेन संख्या 09622 (बांद्रा टर्मिनस- अजमेर): पहले 30 दिसंबर, 2024 तक चलने वाली यह ट्रेन अब 06 जनवरी से 31 मार्च, 2025 तक चलेगी।
- ट्रेन संख्या 09621 (अजमेर- बांद्रा टर्मिनस): पहले 29 दिसंबर, 2024 तक चलने वाली यह ट्रेन अब 05 जनवरी से 30 मार्च, 2025 तक चलेगी।

# एलटीटी मुंबई-रक्सौल विशेष ट्रेन की सेवा 4 फेरों तक बढ़ाई गई

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए एलटीटी मुंबई और रक्सौल के बीच चलने वाली साप्ताहिक विशेष ट्रेन सेवा की अवधि को विस्तार देने का निर्णय लिया है।



### विस्तारित सेवाओं का विवरण

- 05558 एलटीटी मुंबई-रक्सौल साप्ताहिक विशेष: यह ट्रेन, जो पहले 26 दिसंबर 2024 तक चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 9 जनवरी 2025 तक (2 अतिरिक्त सेवाओं) चलाई जाएगी।
- 05557 रक्सौल-एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष: यह ट्रेन, जो पहले 24 दिसंबर 2024 तक चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 7 जनवरी 2025 तक (2 अतिरिक्त सेवाओं) चलाई जाएगी।

# कामशेत और मालवली के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 38 रखरखाव के लिए 4 दिनों तक बंद रहेगा

**डीबीडी संवाददाता । पुणे**




पुणे मंडल ने कामशेत-मालवली स्टेशनों के बीच किलोमीटर 137/4-5 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 38 को ओवरहालिंग के रखरखाव कार्य के लिए दिनांक 02.01.2025 (गुरुवार) को सुबह 09.00 बजे से 05.01.2025 (रविवार) को 18.00 बजे तक 4 दिनों तक बंद रखने का निर्णय लिया है।

उपर्युक्त लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 38 के बंद होने के कारण, सड़क यातायात को लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 36 (मालवली गेट) की ओर डायवर्ट किया गया है।

आम जनता से अनुरोध है कि वे इस सुविधा को ध्यान में रखें और इसका लाभ उठाएं।

# मुख्यमंत्री ने सहकारिता विभाग द्वारा आगामी 100 दिनों में किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मुंबई तारीख. 31:- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज सरकार को गन्ना पेराई सत्र के दौरान गन्ना क्षेत्र, गन्ना उत्पादन और गन्ना उत्पादकता का सटीक अनुमान लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रिमोट सेंसिंग (आरएस) और भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) का उपयोग करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री. फडणवीस ने कहा, राज्य में गन्ना उत्पादन का बड़ा क्षेत्र है। इस तकनीक का उपयोग न केवल किसानों के लिए बल्कि चीनी मिलों के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। इस प्रौद्योगिकी के उपयोग से पेराई के लिए उपलब्ध गन्ने की उचित योजना बनाना आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री. फडणवीस ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत राज्य में 100 विभिन्न कार्यकारी सेवा सहकारी समितियों में 300 अनाज भंडारण इकाइयां स्थापित की जाएंगी। टन से 1000 मई. टनों गोदाम बनाए जाने हैं। इस योजना के माध्यम से गढ़चिरौली और नंदुरबार जैसे आदिवासी जिलों में भी गोदाम स्थापित किए जाने चाहिए। सहकारी आवास समितियों के 100% डिजिटलीकरण पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने समीक्षा बैठक में यह भी सुझाव दिया कि सहकारिता विभाग को चीनी मिलों को दी जाने वाली मार्जिन मनी तथा चीनी मिलों में तौल कांटों की निगरानी के संबंध में सतर्क रहना चाहिए। बैठक में आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके, सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट, सामाजिक न्याय राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, जलापूर्ति एवं स्वच्छता राज्य मंत्री मेघना बोर्डिकर, सहकारिता राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर, आदिवासी विकास राज्य मंत्री इंद्रनील नाइक, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजगोपाल देवड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिड़े, प्रमुख सचिव संजय खंडारे, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, सामाजिक न्याय एवं आदिवासी विकास विभाग के सचिव विजय वाघमारे और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** आज रोजगार में अच्छी वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ:** आज रोजगार में अच्छी वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**मिथुन:** धन के बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**कर्क:** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें।

**सिंह:** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कन्या:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला:** शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी।

**वृश्चिक:** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**धनु:** मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**मकर:** व्यापार में लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। दूर से शोक संदेश मिल सकता है। बाहरी विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा

**कुंभ:** मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** आज पुराने साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। बाहरी क्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। व्यापार में अच्छी खबर मिलेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी।

# मुक़ादमो से छुटकारा कब तक मिल सकता है ?

उदाहरणा_अनुसार3:-

कन्या लग्न अनुसार, जैसे यहाँ छठे घर(मुक़ादमे) का स्वामी शनि बनता है अब यहाँ शनि पीड़ित हो जैसे शनि राहु के साथ बैठे और राहु की दृष्टि छठे घर पर भी पड़े, जैसे शनि राहु दसवे घर मे एक साथ बैठे, तब मुक़ादमा जितने में दिक्कतें आएगी क्योंकि राहु ने छठे घर के स्वामी शनि और छठे घर दोनों को पीड़ित कर रखा है, राहु शनि के साथ भी बैठा है और शनि के घर को 10वे घर से देखेगा भी अपनी 9वी द्रष्टि से, यहाँ मुक़ादमे जितने में दिक्कतें आनी ही है चाहे मुकदमा जिस भी बात से सम्बंधित हो, यहाँ राहु केतु की शांति करके ही मुकदमे से छुटकारा मिलेगा।

एक_उदाहरण_से_और_समझते_है,मकर_लग्न_अनुसार,

मकर लग्न की कुंडली मे छठे






प्रियंका जैन
9769994439

घर का स्वामी बुध बनेगा अब यहाँ बुध शनि की दृष्टि से पीड़ित हो जाये, साथ ही छठे घर मे राहु चन्द्रमा के साथ चन्द्र ग्रहण योग बनाकर अशुभ होकर बैठे तब ऐसा जातक या जातिका मुकदमे में उलझे ही रहते है ,केवल सिर्फ तारीख मिलती रहती है मुकदमे नही सुलझता है क्योंकि मुकदमे का घर पीड़ित और अशुभ है।

जिन जातक या जातिकाओ का छठा घर बलवान और शुभ होगा उन्हें जल्दी ही मुक़ादमो से झुटकारा मिल जाता है सफलता मिलेगी या असफलता यह सब निर्भर करेगा मुकदमा किया किस संबंध में है और उस बात से संबंधित मुकादमें के ग्रहों की स्थिति कैसी है। मुकादमे का निपटारा छठे घर के स्वामी की दशाओ में या छठे घर मे बैठे ग्रहों की दशाओ में या जिस विषय से सबंधित मुक़ादमा होता है उस विषय से संबंधित फल की जब महादशा या अंतरदशा चलेगी तब मुक़ादमे से मुक्ति मिलेगी साथ ही यह निर्भर करेगा ग्रह बलवान है या नही, बलवान होगा तब बिना परेशानी और जल्दी झुटकारा दिलाएगा और अशुभ स्थिति में होगा तब पूरी दशा निकलेगा ऐसा ग्रह तब मुक़ादमे से धीरे धीरे मुक्ति देगा हालांकि उपाय से समाधान जल्दी हो जाएगा जो ग्रह बिघ्न बनता है उस ग्रह का उपाय करके रास्ते मुक़ादमे से निकालने के बन जाते है। इस तरह मुक़ादमे की क्या स्थिति रहेगी, कब तक छुटकारा मिलेगा और कैसे यह सब निर्भर करेगा? छठे भाव और जिस विषय से सबंधी मुक़ादमा हैं उससे संबंधित ग्रह और भाव से।

# बिहार में भी झामुमो चुनाव लड़ने को तैयार

## 12 सीटों पर दावा ठोका

**एजेंसी । रांची**

झारखंड के बाद साल 2025 में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है। इसे लेकर राजनीतिक पारा फिर से चढ़ा हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह राज्य की सबसे पार्टी झामुमो भी इस बार गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने की तैयारी में है। पार्टी कम से कम 12 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है।



### बिहार विधानसभा में 12 सीटों की मांग करेगा झामुमो

सूत्रों की माने तो झामुमो बिहार में राजद और कांग्रेस से 12 सीटों की मांग करेगा। इसके पीछे पार्टी का तर्क है कि बिहार के सीमावर्ती जिलों में पार्टी का मजबूत जनाधार है। पूर्व में पार्टी के विधायक भी वहां से रहे हैं। जानकारी के मुताबिक झामुमो बिहार की जिन सीटों पर दावा कर रहा है उनमें तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, बांका, ठाकुरगंज, रूपौली, रामपुर, बनमनखी, जमालपुर, पीरपती और चकाई विधानसभा की सीट शामिल है।

### जल्द होगी राजद और कांग्रेस के साथ बैठक

झामुमो नेताओं का कहना है कि इन सीटों पर न सिर्फ उनके कार्यकर्ता हैं बल्कि प्रत्याशी भी हैं। बताया गया कि जल्द ही राजद और कांग्रेस गठबंधन के साथ झामुमो की बैठक होगी और इस मांग को रखा जायेगा। गौरतलब है कि वर्ष 2020 के चुनाव में झामुमो ने अकेले ही चुनाव लड़ा था। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी थी। इस बार झारखंड में राजद व कांग्रेस को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया था। पार्टी को उम्मीद है कि जैसे झारखंड में सीट का बंटवारा किया गया था, वैसे ही बिहार में भी महागठबंधन सीट का बंटवारा करेगा।

# कोई और भी था कत्ल में शामिल!

## कातिल किशोर ने पार कर दी थीं क्रूरता की हदें

**एजेंसी । मेरठ**

मेरठ के कंकरखेड़ा के रोहटा रोड की वर्णिका स्टेट कॉलोनी निवासी छात्र अभिनव (17) की हत्या के विरोध में सोमवार को परिजनों ने पूरे दिन हंगामा किया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि अकेले आरोपी किशोर ने वारदात को अंजाम नहीं दिया है। हत्या में अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस हत्याकांड का पूरा खुलासा करे। पीड़ित परिवार ने सीओ दौराला और एसएसपी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। मुख्य आरोपी के घर की कुर्की व बुलडोजर चलाने की मांग की।




### आरोपी किशोर ने अकेले वारदात को अंजाम नहीं दिया

वहीं, एसएसपी वपिन ताडा ने मामले की जांच कंकरखेड़ा थाने से क्राइम ब्रांच को सौंप दी है। एसपी क्राइम के निर्देशन पर अब विवेचना होगी। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के रोहटा रोड स्थित वर्णिका स्टेट कॉलोनी के छात्र अभिनव की शनिवार को उसके दोस्त ने हथौड़े से सिर पर कई वार कर हत्या कर दी थी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि अकेले आरोपी ने घटना को अंजाम नहीं दिया है। हत्या में अन्य लोग भी शामिल हैं।

### एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

सोमवार को पीड़ित परिवार कंकरखेड़ा स्थित सीओ कार्यालय पहुंचे। लेकिन सीओ अधिकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पीड़ित परिवार व अन्य लोग सीओ दौराला के न मिलने पर कलक्ट्रेट में एसएसपी कार्यालय पहुंचे और वहां पर भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए हंगामा किया। पीड़ित परिवार ने एसएसपी डॉ। विपिन ताडा के नाम ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कंकरखेड़ा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने कहा कि वारदात की गंभीरता से जांच की जा रही है। अगर मामले में अन्य आरोपी शामिल हैं तो गिरफ्तार किया जाएगा। किसी पुलिसकर्मी ने लापरवाही की है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन पर परिजन शांत हुए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार को सरकार ने पद से हटाया

**हजारीबाग।** हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार पर झारखंड सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। पत्नी अनीता को जलाकर मारने के मामले में उन्हें एसडीओ के पद से हटा दिया है। उन्हें कार्मिक विभाग में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। ज्ञात हो कि एसडीओ की पत्नी 26 दिसंबर की सुबह बुरी तरह झुलस गयी थी। उनके भाई ने एसडीओ और उनके परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार फिलहाल फरार चल रहे हैं। हालांकि उनके गायब होने के बाद से ये खबर फैल गयी कि गिरफ्तारी का वारंट जारी हो जाने के कारण वह फरार है। हालांकि, हजारीबाग के डीएसपी ने इसे सिरे से खारिज कर दिया है। हालांकि उन्होंने कहा है कि एसआआईटी मामले की जांच के लिए छापेमारी तेज कर दी है। उम्मीद जतायी जा रही है कि पुलिस इस मामले का खुलासा जल्द कर लेगी।

### महाकुंभ के लिए रेलवे चलाएगा 3000 से अधिक स्पेशल ट्रेन

**प्रयागराज।** महाकुंभ को लेकर रेलवे की ओर से खास तैयारी की जा रही है। मेले के दौरान रेलवे ने 10,000 से ज्यादा रेगुलर जबकि 3000 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की है। इन 3,000 स्पेशल ट्रेन में से 1800 ट्रेन छोटी दूरी के लिए, 700 ट्रेन लंबी दूरी के लिए और 560 ट्रेन रिंग रेल पर चलाई जाएंगी। इससे मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से यह जानकारी दी गई है। उत्तर मध्य रेलवे के जीएम उपेंद्र चंद्र जोशी ने मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि प्रयागराज-अयोध्या-वाराणसी-प्रयागराज, प्रयागराज-संगम प्रयाग-जौनपुर-प्रयाग-प्रयागराज, गोविंदपुरी-प्रयागराज-चित्रकूट-गोविंदपुरी और झांसी-गोविंदपुरी-प्रयागराज-मानिकपुर-चित्रकूट-झांसी मार्गों पर रिंग रेल की योजना तैयार की जा रही है।

# उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्ष पर साधा निशाना

**एजेंसी । पटना**

पटना में री-एग्जाम की मांग को लेकर BPSC अभ्यर्थी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे BPSC छात्रों पर नीतीश सरकार ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा है कि इसपर फैसला बिहार लोक सेवा आयोग ही लेगा। यहां बता दें कि



छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में CPI (ML) और कांग्रेस के विधायक राजभवन तक मार्च करेंगे। बता दें कि अपनी मांगों को लेकर छात्र धरनास्थल पर डटे हुए हैं। जिसके बाद आखिरकार नीतीश सरकार की तरफ से उपमुख्यमंत्री का जवाब आया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि, 'बिहार एक स्वतंत्र संस्था है। सरकार ने उसको फ्री हैंड दिया है। वो निर्णय ले। छात्रों के संबंध में छात्रों के हित के लिए कोई भी निर्णय लेने के लिए वो स्वतंत्र है।'

इससे पहले बीपीएससी छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल ने भी पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के साथ जाकर मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद पप्पू यादव ने मीडिया को बताया था कि मुख्य सचिव ने छात्रों की मांगों को सुना है और आश्वासन दिया है कि इसपर संज्ञान लिया जाएगा।

# 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती मिलेगी बिजली!

## पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने रखा प्रस्ताव

**एजेंसी । पटना**

स्मार्ट मीटर को लेकर आए दिन कोई न कोई विवाद सामने आता रहता है। विभाग की तरफ से भी लगातार स्मार्ट मीटर को लेकर जो भी परेशानी है उसे दूर करने की कोशिश की जा रही है। उपभोक्ताओं की आसानी के लिए स्मार्ट मीटर में कई बदलाव भी किए गए हैं ताकि उसे और बेहतर बनाया जा सके। इसी क्रम स्मार्ट मीटर से जुड़ी एक बड़ी राहत वाली खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, अब स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलने वाली है।



दरअसल, साउथ और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली देने का प्रस्ताव रखा है। खरमास समाप्त होने के बाद इस प्रस्ताव पर जनसुनवाई होगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने कृषि और व्यावसायिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए भी कई प्रस्ताव दिए हैं। इनमें फैक्टर सरचार्ज समाप्त करने और स्वीकृत भार से अधिक खपत पर जुर्माना नहीं लगाने का प्रावधान शामिल है।

# गोहत्या कर रहे युवक को भीड़ ने पकड़ा

## लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला

**मॉब लिंचिंग**

**एजेंसी । मुरादाबाद**

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में मॉब लिंचिंग की सनसनीखेज घटना हो गई। गोकशी (Cow Slaughter) कर रहे युवक को भीड़ ने रंगे हाथ पकड़ा लिया। भीड़ ने युवक को लाठी-डंडे और लात-घूसों से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची। बेसुध युवक को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान सोमवार(30 दिसंबर) की रात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने रात में ही युवक का पोस्टमॉर्टम कराया। मंगलवार (31 दिसंबर) को कड़ी सुरक्षा के बीच शव को दफन कर दिया गया। घटना मझोला थाना क्षेत्र की मंडी समिति में हुई है। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद भारी पुलिस बल तैनात है।



### गोकशी को देखकर बेकाबू हो गई भीड़

मझोला थाना क्षेत्र के मंडी समिति परिसर में सोमवार तड़के 3 बजे कुछ लोग गोकशी कर रहे थे। गोहत्या करने की सूचना मिलते पर आसपास के लोग मंडी परिसर पहुंचे। भनक लगते ही भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ को देखते ही 4 में से 3 लोग भाग गए। असालतपुरा निवासी शाहेदीन को भीड़ ने दबोच लिया। गोकशी को देखकर भीड़ बेकाबू हो गई। भीड़ ने शाहेदीन को लाठी-डंडे और लात-घूसों से जमकर पीटा। युवक हाथ जोड़कर छोड़ देने की गुहार लगाता रहा लेकिन भीड़ ने उसकी एक नहीं सुनी।

### रात में ही पोस्टमार्टम, सुबह दफनाया शव

भीड़ ने पीट-पीटकर युवक को बेहोश कर दिया। सूचना मिलते पर पुलिस पहुंची। शाहेदीन को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान सोमवार रात साढ़े 12 बजे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रात में ही युवक का पोस्टमॉर्टम कराया। मंगलवार सुबह 10 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शव को दफन किया। घटना के बाद इलाके में कई थानों की फोर्स को तैनात की गई। शाहेदीन के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। SP सिटी रण विजय सिंह के मुताबिक, गोकशी करते रंगे हाथ पकड़े गए युवक की मौत हो गई है। मामले में मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वीडियो के आधार पर लोगों की पहचान कराई जा रही है।

## व्यापार जगत

# असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सरकार देगी नए साल का तोहफा



**एजेंसी । नई दिल्ली**

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लाखों श्रमिकों को देश की केंद्र सरकार नए साल पर तोहफा देने प्लान बना रही है। वह नए साल 2025 में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए नए श्रम कानूनों को तेजी से लागू करने जा रही है। इससे असंगठित क्षेत्र खासकर गिग और ऑनलाइन कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। सरकार ने इसे साल 2025 की अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है।

श्रम मंत्रालय के अनुसार, देश सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 31 मार्च, 2025 तक चार श्रम कानूनों के तहत नियमों के मसौदे पर आपसी सामंजस्य स्थापित होने और पूर्व-प्रकाशन का काम पूरा करने की उम्मीद है। मंत्रालय ने श्रम कानूनों में चार सुधारों की पहचान की है। इनमें एकल पंजीकरण, एकल रिटर्न, पांच साल की वैधता के साथ कंपनी-आधारित सामान्य लाइसेंस शामिल हैं।

### श्रम कानूनों को तेजी से लागू करेगी सरकार

डॉ मनसुख मांडविया ने कहा, ''भविष्य की बात करें, तो हम श्रम कानूनों को लागू करने में तेजी लाने और परिवर्तनकारी नीतियां लागू करने के लिए संकल्पबद्ध हैं, जो प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र की विकास गाथा में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाएंगी।'' सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध, मजदूरी और व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां (ओएसएच) पर चार श्रम संहिताएं संसद में पारित हुई हैं। इन्हें पूरे देश में तभी लागू किया जा सकता है, जब केंद्र तथा राज्य एक साथ संबंधित नियमों को अधिसूचित करें, क्योंकि श्रम एक समवर्ती विषय है।

### भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करना सरकार की प्राथमिकता

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा, ''नववर्ष के मुहाने पर हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है। इसमें भारत के लिए एक मजबूत, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण करना शामिल है।'' उन्होंने कहा, '' 2024 में हमने ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) और ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिससे शिकायतों का त्वरित तथा कुशल समाधान संभव हो सका।'' 'गिग' और ऑनलाइन मंचों के लिए काम करने वाले श्रमिकों के बढ़ते महत्व को स्वीकार करते हुए डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार ने उनकी सामाजिक सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। यह एक ऐसी यात्रा है जो जारी है और यह मुख्य एजेंडा में शामिल है। 'गिग वर्कर' से तात्पर्य ऑनलाइन मंचों से जुड़े कर्मचारियों से है, जो आमतौर पर अपने काम के आधार पर भुगतान पाते हैं।

# सोना 2025 में भी रिकॉर्ड छलांग के लिए तैयार

## वैश्विक संकेतों से भाव 90 हजार तक पहुंचने का अनुमान

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

सुरक्षित निवेश के रूप में सोने का भाव नए साल में भी रिकॉर्ड स्तरों तक पहुंच सकता है। कीमतें 85,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती हैं। अगर भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं जारी रहती हैं तो घरेलू बाजार में यह 90,000 रुपये के स्तर तक भी पहुंच सकता है। मौद्रिक नीति में नरम रुख और केंद्रीय बैंकों की खरीद से भी सोने में तेजी को मदद मिल रही है। हालांकि यदि भू-राजनीतिक संकट कम हो जाए, तो रुपये के मूल्य में गिरावट थमने के कारण कीमती धातु कमजोर पड़ सकती है। वर्तमान में हाजिर बाजार में सोने का भाव 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में 76,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल रहा है।



2024 में सोने ने दिया 23 प्रतिशत रिटर्न, चांदी में 30 प्रतिशत बढ़त

सोने ने 2024 में अपने नए शिखर पर पहुंचने के साथ मजबूत प्रदर्शन किया। दौरान घरेलू बाजार में सोने में 23 प्रतिशत रिटर्न दर्ज किया गया। 30 अक्तूबर को पीली धातु ने 82,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। चांदी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई। वैश्विक स्तर पर, कॉमेक्स सोना वायदा ने वर्ष की शुरुआत लगभग 2,062 डॉलर प्रति औंस पर की और 31 अक्टूबर को 2,790 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिससे 28 प्रतिशत तक का रिटर्न मिला, जिससे वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोने का आकर्षण मजबूत हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंक की खरीद और प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कमी की ओर रुख के कारण 2025 में भी कीमती धातुएं मजबूत प्रदर्शन करेंगी।

# यूनीमेक एयरोस्पेस का शेयर 90% ऊपर ₹1491 पर लिस्ट



## इश्यू प्राइस 785 था, एयरोइंजन और एयरफ्रेम टूल्स बनाती है कंपनी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर इश्यू प्राइस से 89।94% ऊपर 1491 पर लिस्ट हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर शेयर इश्यू प्राइस से 85।9% ऊपर 1,460 पर लिस्ट हुआ। यूनीमेक एयरोस्पेस के IPO का इश्यू प्राइस 785 था।

### 500 करोड़ का था यूनीमेक एयरोस्पेस का इश्यू

यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का यह IPO टोटल 500 करोड़ का था। इसके लिए कंपनी 250 करोड़ के 31,84,712 फ्रेश शेयर इश्यू किए। वहीं, कंपनी के प्रमोटर्स ने ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 250 करोड़ के 31,84,712 शेयर बेचे। यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग ने IPO का प्राइस बैंड 745-785 तय किया था। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 19 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते थे। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 785 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते, तो इसके लिए 14,915 इन्वेस्ट करने होते। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 247 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते थे। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,93,895 इन्वेस्ट करने होते।

# लेट-फीस के साथ 15 जनवरी तक फाइल कर सकेंगे ITR

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**




सरकार ने बिलेटेड इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) फाइल करने की आखिरी तारीख को 31 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है। अब लेट फीस के साथ 15 जनवरी 2025 तक ITR भर सकते हैं। यदि किसी टैक्सपेयर ने पहले ही अपना ITR दाखिल कर दिया है, लेकिन बाद में पता चलता है कि इसमें गलतियां हैं, तो वे भी अब 15 जनवरी तक रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बिना किसी लेट फीस के ITR फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी।

### 5,000 रुपए तक की लेट फीस देनी होगी

यदि आपने 2023-24 का ITR अब तक फाइल नहीं किया है तो लेट फीस के साथ 15 जनवरी तक फाइल कर सकते हैं। यदि कुल आय 5 लाख से कम है तो आपको 1,000 रुपए लेट फीस देनी होगी। कुल आय 5 लाख रुपए से ज्यादा हो तो 5,000 रुपए की लेट फीस देनी होगी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# स्पिनर दीप्ति शर्मा महिला गेंदबाजी में पांचवें स्थान पर

- 09 विकेट दीप्ति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच में चटकाए
- 148 रन तीन मैच में बनाने वाली स्मृति मंधाना एक स्थान खिसकीं

**वनडे रैंकिंग**

एजेंसी । दुबई

भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ स्वदेश में हाल में संपन्न सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवें पायदान पर पहुंच गई हैं।




### मारिजाने से पीछे

शीर्ष पांच में जगह बनाने वालीं दीप्ति के अब 665 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने कैप से 12 अंक पीछे हैं। 27 साल की दीप्ति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच में नौ विकेट चटकाए थे जिसमें अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल है। भारत ने वडोदरा में यह वनडे सीरीज 3-0 से जीतकर सीरीज का सफाया किया था। बल्लेबाजों की सूची में जेमिमा रोड्रिग्स 537 अंक के साथ शीर्ष 20 में जगह बनाने के करीब हैं। सीरीज में 29 और 52 रन की पारियां खेलकर वह चार स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं। आक्रामक बल्लेबाज रिचा घोष भी सात स्थान के फायदे से 41वें पायदान पर हैं। उनके 448 रेटिंग अंक हैं। वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी तीसरे वनडे में अर्धशतक की बदौलत 21 स्थान की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर हैं।

### मंधाना को नुकसान

सीरीज में दो अर्धशतक बनाने वाली भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (720 अंक) हालांकि एक स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (773) और श्रीलंका की चामरी अटापट्टू (733) उनसे आगे हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर तीन स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर हैं। वडोदरा में अपने करियर का सातवां वनडे शतक जड़ने वालीं हेली मैथ्यूज छह स्थान के फायदे से बल्लेबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# खिलाड़ी कोंस्टास जैसा आक्रामक खेलें : वॉर्नर

एजेंसी । मेलबर्न




युवा सैम कोंस्टास की तारीफ करते हुए पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को उसी की तरह आक्रामक मानसिकता के साथ उतरने की सलाह दी है। 19 वर्ष के कोंस्टास ने मेलबर्न में चौथे टेस्ट में पदार्पण करते हुए 65 गेंद में 60 रन बनाए थे। वॉर्नर ने कहा, लोग उसकी आलोचना भी करेंगे लेकिन यह उसका स्वाभाविक खेल है और वह ऐसे ही खेलेगा। जैसे बुमराह गेंदबाज के खिलाफ आपको यह करना ही होगा।

### कोंस्टास ने प्रधानमंत्री एकादश के लिए भारत के खिलाफ 97 गेंद में 107 रन बनाए

कोंस्टास ने प्रधानमंत्री एकादश के लिए भारत के खिलाफ 97 गेंद में 107 रन बनाए थे। साथ ही एमसीजी में भारत ए के खिलाफ नाबाद 73 रन की पारी खेली थी। वॉर्नर ने कहा, प्रधानमंत्री एकादश के लिए उसकी पारी ने साबित कर दिया था कि वह प्रतिभाशाली ही नहीं, बहादुर भी है। वह शीर्षक्रम में इतना बेखौफ खेल रहा था। जो खिलाड़ी 50 टेस्ट खेल चुके हैं, उन्हें भी ऐसे ही क्रीज से बाहर निकलकर शॉट खेलने चाहिए। सीरीज में 30 विकेट ले चुके बुमराह की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, वह जीनियस है। उसका रिकॉर्ड शानदार है। उस पर दबाव बनाना बहुत कठिन है। बल्लेबाजों को उसके सामने किस्मत की भी जरूरत होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पाक के अंतरिम कोच आकिब जावेद चयन समिति में बरकरार

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व टेस्ट गेंदबाज आकिब जावेद को सीमित ओवरों और टेस्ट टीम का अंतरिम मुख्य कोच होने के बावजूद राष्ट्रीय चयन समिति से नहीं हटाने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार मुख्य कोच के रूप में आकिब का काम अस्थायी है, लिहाजा वह चयन समिति में बने रहेंगे। एक सूत्र ने कहा, चयनकर्ता के तौर पर आकिब का प्रभाव कम हुआ है, खासकर जबसे जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद उन्होंने टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद संभाला है। उसके बाद से बाकी चयनकर्ताओं की फैसले लेने में अधिक चली है। पिछले कुछ समय से चयनकर्ता के तौर पर आकिब की भूमिका सीमित रही है। दूसरे चयनकर्ताओं अजहर अली, असद शफीक, अलीम दर, हसन चीमा का अधिक दबदबा रहा है।

### आरिफ सईद पाकिस्तान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष बने

कराची। पिछले 46 साल में सिर्फ दो अध्यक्षों के रहने के बाद पाकिस्तान ओलंपिक संघ ने 2025 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए आरिफ सईद को नया अध्यक्ष बनाया है। जनवरी में स्वास्थ्य कारणों से लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) आरिफ हसन के इस्तीफे के बाद सईद का निर्विरोध चुनाव हुआ है। हसन मार्च 2004 से दिसंबर 2024 तक इस पद पर रहे। इससे पहले दिवंगत वाजिद अली शाह मार्च 1978 से मार्च 2004 तक पीओए अध्यक्ष रहे थे। हसन ने चौथे कार्यकाल में इस्तीफा देने का फैसला किया। पाकिस्तान मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष खालिद महमूद को महासचिव और पाकिस्तान टेबल टेनिस महासंघ के अध्यक्ष अहमार मलिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। आरिफ सईद करीब 20 साल तक पाकिस्तान रग्बी संघ के अध्यक्ष रहे हैं।

### मैक्डोनाल्ड को स्टार्क के आखिरी टेस्ट खेलने की उम्मीद



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने स्वीकार किया कि मिचेल मार्श भारत के खिलाफ बल्लेबाजी में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हैं। पर उन्होंने उम्मीद जताई कि मिचेल स्टार्क सिडनी में पांचवां टेस्ट खेल सकेंगे। स्टार्क की फिटनेस ऑस्ट्रेलिया की चिंता है जो बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन से ही पसली में सूजन से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने प्रभावी गेंदबाजी करके विराट कोहली का विकेट लिया। अगर स्टार्क सिडनी टेस्ट नहीं खेल पाते हैं तो झाय रिचर्डसन या सीन एबॉट उस कमी को पूरा कर सकते हैं।


मैक्डोनाल्ड ने कहा, मुझे यकीन है कि स्टार्क खेल सकेगा। वैसे रिचर्डसन और सीन एबॉट भी यहां है। हम पिच को देखकर तय करेंगे। चार टेस्ट में सिर्फ 73 रन बना सके मार्श का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, उसकी मानसिक तैयारी अच्छी है। इसमें शक नहीं कि प्रदर्शन बेहतर होना चाहिए। वह पिछले चार टेस्ट में ऐसा कर नहीं सका लेकिन हम चिंतित नहीं है।

# मालदीव के खिलाफ और खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

**बेंगलुरु।** सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम के साथ भारत में अपने कोचिंग करियर की शानदार शुरुआत करने वाले जोकिम एलेक्जेंडरस मालदीव के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले दूसरे मैत्री फुटबॉल मैच में और नए खिलाड़ियों को मौका देने के लिए तैयार हैं। स्वीडन के एलेक्जेंडरसन की देखरेख में टीम ने सोमवार को मालदीव को पहले मैच में 14-0 से हराया। इस मैच में भारत के लिए आठ खिलाड़ियों ने पदार्पण किया था।

पदार्पण करने वालों में लिंडा कोम सर्टो सबसे प्रभावशाली साबित हुईं। उन्होंने चार गोल किए। लिंडा ने अनुभवी स्ट्राइकर और ओडिशा एफसी टीम की साथी प्यारी खाखा के साथ शानदार साझेदारी बनाई। इस जोड़ी ने सात गोल दागे।





# वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज फाइनल्स का क्वालीफायर जीता

एजेंसी । न्यूयॉर्क


भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में महिला क्वालीफायर जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने जॉर्जिया की ग्रैंडमास्टर नाना जागनिजे और रूस की वालेंटिना गुनिना को हराया। अब वैशाली का सामना चीन की झू जिनेर से होगा।

### हंपी बाहर

स्वर्ण पदक और 60,000 डॉलर पुरस्कार जीतने वाली कोनेरू हंपी के शानदार प्रदर्शन के बाद वैशाली ने अपने खेल से प्रशंसकों का दिल जीत लिया। उन्होंने महिला वर्ग में 11 में से 9 .5 अंक लेकर बाजी मारी। रूस की कैटरीना लागनो उनके करीब पहुंचीं जिनके 8 .5 अंक रहे जबकि बाकी छह क्वालीफायरों के आठ अंक रहे। हंपी टाइब्रेकर के कारण नौवें स्थान पर रहकर बाहर हो गईं।

### कार्लसन संयुक्त शीर्ष पर

ओपन वर्ग में दस खिलाड़ी पहले स्थान के लिए बराबरी पर थे जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं। कार्लसन ने 13 में से छह मुकाबले ड्रॉ खेले और क्वालीफायर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। रूस के इयान नेपोम्नियाशिच ने 9 .5 अंक के सा क्वालीफायर जीता। अमेरिका के फैबियानो कारुआना दूसरे और कार्लसन तीसरे स्थान पर रहे। भारत का कोई खिलाड़ी शीर्ष आठ में नहीं पहुंच सका। अर्जुन एरिगेसी ने पहले पांच दौर में जीत दर्ज की लेकिन लय कायम नहीं रख सके और उनके सात ही अंक रहे। आर प्रज्ञानंदा 8 .5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे।



# तमन्ना भाटिया ने विजय वर्मा के नाम का टैटू बनवाया



तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा पिछले काफी समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस जोड़े को कई बार साथ में स्पॉट भी किया जा चुका है। डेटिंग की खबरों के बीच अब खबर है कि तमन्ना ने अपने हाथ में विजय के नाम का टैटू बनवाया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर विजय की एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसने सबका ध्यान खींचा। विजय ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी छुट्टियों की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह समुद्र किनारे मस्ती करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इनमें से एक तस्वीर ने खास ध्यान खींचा।

दरअसल, इस तस्वीर में एक हाथ में हिंदी में श्विजयश् लिखा हुआ है और अभिनेता इस हाथ के साथ पोज दे रहे हैं।

प्रशंसकों का मानना है कि यह तमन्ना का हाथ है। इस तस्वीर पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# 3 जनवरी से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगी 'गुनाह 2' की स्ट्रीमिंग

सुरभि ज्योति और गश्मीर महाजनी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'गुनाह' के दूसरे सीजन का इंतजार अब खत्म होने वाला है। दर्शकों की पसंदीदा इस सीरीज का दूसरा सीजन 3 जनवरी, 2025 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा। हाल ही में निर्माताओं ने 'गुनाह 2' का नया टीजर रिलीज किया है, जिसे प्रशंसकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

### टीजर में दिखी प्यार और बदले की कहानी

टीजर में दिखाया गया है कि यह कहानी प्यार से शुरू होती है, लेकिन इसका अंजाम बदले की आग में लिखा जाता है। कहानी में रोमांच, इमोशन और ट्विस्ट से भरपूर सफर दिखाया जाएगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, श्प्यार ने शुरू की थी कहानी, लेकिन बदले ने लिखा इसका अंजाम।




### पहले सीजन को मिला था शानदार रिस्पॉन्स

'गुनाह' का पहला सीजन 3 जून, 2024 को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुआ था, जिसमें कुल 25 एपिसोड थे। दर्शकों ने इसे खूब सराहा और इसकी कहानी, किरदारों और ट्विस्ट को पसंद किया। पहले सीजन में भी सुरभि ज्योति, गश्मीर महाजनी और जैन इबाद खान मुख्य भूमिकाओं में थे।

### क्या है खास इस बार?

दूसरा सीजन पहले सीजन से भी ज्यादा इंटेंस और रोमांचक होने की उम्मीद है। सीरीज में थ्रिल, ड्रामा और इमोशनल ट्विस्ट को और गहराई दी गई है। निर्माताओं का कहना है कि यह सीजन दर्शकों को उनकी सीट से बांधे रखने का वादा करता है। मुख्य कलाकार सुरभि ज्योति, गश्मीर महाजनी और जैन इबाद खान हैं


नए साल पर प्रशंसकों को मिलेगा खास तोहफा

# 'देवा' का पहला पोस्टर 1 जनवरी को होगा रिलीज

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'देवा' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है, और इसकी पहली झलक का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'देवा' का पहला पोस्टर 1 जनवरी, 2025 को जारी किया जाएगा। इसमें शाहिद कपूर का धांसू और दमदार अवतार देखने को मिलेगा। नए साल के पहले दिन यह पोस्टर प्रशंसकों के लिए एक खास तोहफा साबित होगा।

कनेक्शन दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन से है, जिसे लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

फिल्म में शाहिद कपूर के साथ साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह पहला मौका होगा जब शाहिद और पूजा की जोड़ी बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देगी। इसके अलावा, अभिनेता पावेल गुलाटी भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'देवा' का निर्माण जाने-माने निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। यह फिल्म 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।




# राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' का ट्रेलर 1 जनवरी को होगा रिलीज

**10 जनवरी को संक्रांति पर सिनेमाघरों में दस्तक**



ग्लोबल स्टार राम चरण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गेम चेंजर' का इंतजार आखिरकार खत्म होने वाला है। यह फिल्म, जिसकी रिलीज में कई बार देरी हुई, अब 10 जनवरी, 2025 को संक्रांति के मौके पर बड़े पर्दे पर आएगी। सेंसर बोर्ड से U/A सर्टिफिकेट मिलने के बाद फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

फिल्म का ट्रेलर 1 जनवरी, 2025 को लॉन्च किया जाएगा। इस बात की घोषणा निर्माता दिल राजू ने अमेरिका में आयोजित एक प्री-रिलीज इवेंट के दौरान की। ट्रेलर की लंबाई करीब 2 मिनट और 45 सेकंड होगी। दिल राजू ने कहा, अमेरिका में सफल आयोजन करने के बाद, तेलुगु राज्यों में भी एक बड़ा इवेंट करने की योजना है। इसमें आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण गरु मुख्य अतिथि होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में एक हाई-ऑक्टेन ट्रेन सीक्वेंस इंटरवल के दौरान देखने को मिलेगा, जो दर्शकों को सीट से बांधे रखेगा।

फिल्म की कुल अवधि लगभग 2 घंटे और 45 मिनट है। सेंसरशिप औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्माताओं ने इसे पूरी तरह तैयार बताया है।

'गेम चेंजर' में राम चरण और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा फिल्म में एसजे सूर्या, अंजलि, समुथिरकानी, श्रीकांत, और जयराम जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी नजर आएंगे।

न्यूज़ ब्रीफ

### असम में अलकायदा से जुड़े संगठन का आतंकी गिरफ्तार

**कोकराझार।** असम के कोकराझार जिले से अलकायदा से जुड़े बांग्लादेशी आतंकी संगठन के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल टॉस्क फोर्स ने (STF) के अधिकारी ने बताया कि गाजी रहमान (35) अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (ABT) का सदस्य है, वह फरार चल रहा था। असम STF आतंकियों को गिरफ्तार करने के लिए राज्य में 'ऑपरेशन परघाट' चला रही है। अब तक आतंकी संगठनों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### हिंदुओं-अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए प्रार्थना सभा

कोलकाता। बांग्लादेश में हिंदुओं-अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कोलकाता इस्कॉन ने मंगलवार को प्रार्थना सभा की। इस्कॉन से जुड़े लोग हिंदू लाइव्स मैटर की तख्ती पकड़े नजर आए।

### अस्पताल की तीसरी मंजिल पर आग

मदुरै। तमिलनाडु के मदुरै के एक अस्पताल के तीसरी मंजिल पर मंगलवार सुबह आग लग गई। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने कहा कि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### BJP में शामिल हुईं आप पार्षद प्रियंका गौतम

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को एक और झटका लगा है। इस बार आप की घड़ोली से पार्षद प्रियंका गौतम अपने समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल हो गई हैं। इनके अलावा दक्षिण दिल्ली से पूर्व पार्षद और गुज्जर समुदाय के नेता धर्मवीर सिंह भी बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में सभी लोग पार्टी में शामिल हुए। गौतम ने कहा कि वह नई उम्मीदों के साथ आप में शामिल हुई थीं, लेकिन उन्हें पता चला कि उस पार्टी में जाटव समुदाय के लिए कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने केजरीवाल पर जाटव समुदाय और बीआर अंबेडकर के अन्य अनुयायियों का केवल राजनीतिक लाभ के लिए शोषण करने का आरोप लगाया।

जातीय संघर्ष के 600 दिन में 200 से ज्यादा मौतें

# सीएम बीरेन सिंह का माफीनामा

- मुझे माफ करें, हमें गलतियों से सीखना होगा: सिंह
- सीएम बोल सकते हैं 'सॉरी' तो पीएम मोदी क्यों नहीं: कांग्रेस

मणिपुर हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य में पिछले साल 3 मई को हुई जातीय हिंसा को लेकर जनता से माफी मांगी है। सीएम बीरेन के माफी वाले बयान पर अब कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा है कि इतने मासूमों की मौत के बावजूद देश के पीएम वहां क्यों नहीं जा सकते? कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री मोदी देश और दुनिया भर में यात्रा करते रहते हैं, फिर भी वे वहां जाकर ऐसा क्यों नहीं कर सकते, जो सीएम बीरेन सिंह ने किया है। जयराम रमेश ने उन्होंने बीरेन सिंह के बयान का वीडियो रीपोस्ट करते हुए कहा, ₹प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर जाकर वहां भी यही बात क्यों नहीं कह सकते? उन्होंने जानबूझकर 4 मई 2023 से राज्य का दौरा करने से परहेज किया है, जबकि वह देश और दुनिया भर में यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मणिपुर के लोग इस उपेक्षा को समझ नहीं सकते।

### मणिपुर के सीएम ने क्या कहा था



इससे पहले दिन में मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य में हुए जातीय संघर्ष के लिए मंगलवार को माफी मांगी और सभी समुदायों से पिछली गलतियों को भूलने तथा शांतिपूर्ण व समृद्ध राज्य में एक साथ रहने की अपील की। प्रदेश में हुए जातीय संघर्ष में 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए। सिंह ने कहा, ₹राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए मैं खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगना चाहता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।₹ उन्होंने कहा, ₹जो कुछ हुआ सो हुआ... मैं सभी समुदायों से अपील करना चाहता हूं कि वे अपनी पिछली गलतियों को माफ कर दें और भूल जाएं तथा शांतिपूर्ण और समृद्ध मणिपुर में एक साथ रहकर नए सिरे से जीवन शुरू करें।

# छात्रा से दुष्कर्म मामले में घिरी डीएमके

- भाजपा मदुरै से चेन्नई तक निकालेगी 'न्याय रैली'



**चेन्नई।** छात्रा यौन उत्पीड़न मामले को लेकर सत्तारूढ़ डीएमके पर दबाव बढ़ाते हुए भाजपा की राज्य इकाई ने सोमवार को घोषणा की कि पार्टी की महिला शाखा पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए मदुरै से चेन्नई तक रैली निकालेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा करते हुए आरोप लगाया कि छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी का डीएमके से संबंध है और मामले में 'सच्चाई को छिपाने' की कोशिश की जा रही है। हालांकि डीएमके ने आरोपी के पार्टी का सदस्य होने से इनकार किया है।

### भाजपा महिला मोर्चा निकालेगा न्याय रैली

भाजपा की राज्य महिला मोर्चा की प्रमुख उमारथी राजन के नेतृत्व में यह न्याय रैली निकाली जाएगी। मदुरै से चेन्नई तक 'न्याय रैली निकाली जाएगी और इसकी शुरुआत 3 जनवरी को होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इसकी घोषणा की। अन्नामलाई ने कहा, 'यह तय किया गया है कि चेन्नई में रैली के समापन पर महिला विंग की मांगों को लेकर तमिलनाडु के राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।' मदुरै से चेन्नई की दूरी करीब 450 किलोमीटर है। गौरतलब है कि अन्ना विश्वविद्यालय के परिसर में एक 19 वर्षीय छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। इसे लेकर तमिलनाडु की राजनीति गर्म है और नागरिक समाज इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दे रहा है।

# सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज से वापस लिया गया पदक

## रिश्वत लेने के आरोप में हुई गिरफ्तारी

**एजेंसी । भोपाल**




केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) इंस्पेक्टर राहुल राज को 2023 में गृह मंत्रालय की तरफ से जांच में उत्कृष्टता के लिए पदक दिया गयाथा, लेकिन रिश्वत मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद पदक वापस ले लिया गया है। उनपर मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की निरीक्षण रिपोर्ट में हेरफेर करने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है। इन आरोपों का खुलासा होने के बाद ही उनसे पदक वापस लेने का निर्णय किया गया।

### सीबीआई ने राहुल राज को 10 लाख की रिश्वत लेते हुए पकड़ा

बता दें कि इस साल मई में नर्सिंग कॉलेज घोटाले मामले में सीबीआई की दिल्ली टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के अलग अलग शहरों में छापेमारी की। इस दौरान सीबीआई की टीम ने राहुल राज समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया था। टीम ने राहुल राज को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। सीबीआई अधिकारियों ने रिश्वत देने वाले भोपाल के मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन अनिल भास्करन, प्रिंसिपल सुमा भास्करन और एक दलाल सचिन जैन को भी गिरफ्तार किया था। इसके अलावा राहुल राज के घर से दो सोने के बिस्कट और करीब आठ लाख रुपए नगद बरामद किए गए थे। रिश्वत लेने के आरोपों के बाद सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज को बर्खास्त कर दिया गया था।

### 2022 में सीबीआई ने शुरू की थी मामले की जांच

मध्य प्रदेश में शिक्षा और रोजगार से जुड़े मामलों में व्यापमं घोटाले के बाद यह दूसरा बड़ा घोटाला है। नर्सिंग कॉलेजों में अनियमितताओं की शिकायत के बाद यह मामला मध्य प्रदेश हाई कोर्ट तक पहुंचा था जहां की इंदौर बैंच के द्वारा इस मामले को जबलपुर बैंच को ट्रांसफर कर दिया गया था। इसके बाद हाई कोर्ट की जबलपुर बैंच द्वारा इस मामले को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को सौंप दिया गया था। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर अक्टूबर 2022 में सीबीआई ने इस मामले की जांच शुरू की थी।

ठेकेदार आत्महत्या मामला

# मेरे खिलाफ अभियान चला रही भाजपा, नहीं हैं सबूत: खरगे



**कलबुर्गी।** कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने मंगलवार को कहा कि भाजपा एक ठेकेदार सचिन पंचाल की आत्महत्या के मामले में उनके खिलाफ अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इन अभियानों में सबूतों की कमी है। प्रियंक की ओर से यह बयान तब सामने आया, जब भाजपा ने उनके खिलाफ कलबुर्गी जिले में पोस्टर लगाए। इन पोस्टरों में ठेकेदार की आत्महत्या को प्रियंक से जोड़ा गया है। ठेकेदार सचिन पंचाल ने 26 दिसंबर को बीदर जिले में चलती ट्रेन से आत्महत्या की थी। उन्होंने आत्महत्मा से पहले लिखा एक सुसाइट नोट छोड़ा था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि राजू कापानुर ने उनसे एक करोड़ रुपये की मांग की थी। हालांकि, कापानुर ने इस आरोप को खारिज किया। भाजपा का आरोप है कि कापानुर ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री प्रियांक खरगे के करीबी सहयोगी थे।

# केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करेंगे संदीप दीक्षित

- आतिशी मारलेना पर भी गिरेगी गाज

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मारलेना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करने की घोषणा की है। संदीप दीक्षित ने कहा कि केजरीवाल और मारलेना ने उनकी मां और अन्य कांग्रेस नेताओं पर बिना ठोस आधार के आरोप लगाए थे और इस बारे में कोई साक्ष्य पेश नहीं किए। कुछ दिन पहले, अरविंद केजरीवाल और आतिशी मारलेना ने संदीप दीक्षित पर भाजपा से पैसे लेने का आरोप लगाया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संदीप दीक्षित ने कहा कि वे इस मामले में भी कानूनी कार्रवाई करेंगे।

### संदीप दीक्षित का आरोप



संदीप दीक्षित ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगर केजरीवाल के पास शीला दीक्षित के खिलाफ कोई साक्ष्य होते, तो उन्होंने उसे आज तक अदालत या किसी अन्य समिति के सामने क्यों पेश नहीं किया? उन्होंने यह भी सवाल किया कि कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान लगाए गए आरोपों पर अरविंद केजरीवाल की सरकार ने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की, जिससे यह सिद्ध होता है कि केजरीवाल के पास कोई ठोस साक्ष्य नहीं थे। संदीप दीक्षित ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप, जैसे डीटीसी बसों के संबंध में, कभी साबित नहीं हो पाए। इसके अलावा, बिजली बिलों के मीटर तेज दौड़ने के आरोप भी बिना किसी ठोस सबूत के थे।

### शिक्षा के क्षेत्र में केजरीवाल सरकार को घेरा

संदीप दीक्षित ने अरविंद केजरीवाल और आतिशी की सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि जबकि वे शिक्षा के बेहतर होने का दावा करते हैं, आंकड़े इसके विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि शीला दीक्षित के कार्यकाल में सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या दोगुनी हो गई थी, जबकि केजरीवाल सरकार के दौरान यह संख्या पांच से छह लाख घट गई है। उन्होंने यह भी कहा कि 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में भी गिरावट आई है, जो केजरीवाल के दावों की पोल खोलता है।

केटीआर को राहत

# फॉर्मूला-ई रेसिंग मामले में फैसला आने तक गिरफ्तारी पर रोक

**एजेंसी । हैदराबाद**

फॉर्मूला-ई कार रेसिंग मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे भारत राष्ट्र समिति (BRS) के नेता और पूर्व मंत्री केटी रामाराव को तेलंगाना हाई कोर्ट ने राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि याचिका पर अंतिम फैसला आने तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। केटीआर ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी, जिस पर हाई कोर्ट में बहस पूरी हो चुकी है और अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।



### क्या है मामला?

केटी रामाराव पर आरोप है कि उन्होंने नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद में आयोजित फॉर्मूला-ई कार रेसिंग के आयोजकों को 55 करोड़ रुपये का भुगतान करवाया। यह भुगतान मौखिक आदेशों के आधार पर किया गया, जो न केवल बिना कैबिनेट की मंजूरी के हुआ बल्कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों का भी उल्लंघन था।

### राजनीतिक हलचल

यह मामला तेलंगाना की राजनीति में चर्चा का केंद्र बन गया है। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को लेकर BRS सरकार पर निशाना साधा है, जबकि केटीआर और उनके समर्थक इसे विपक्ष का राजनीतिक षड्यंत्र बता रहे हैं। हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद फिलहाल केटीआर को राहत मिली है, लेकिन मामले का अंतिम फैसला आना अभी बाकी है।

### एंटी-करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई

इस मामले में एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। एसीबी ने आरोप लगाया कि यह धनराशि राज्य सरकार के खजाने से बिना उचित प्रक्रिया के जारी की गई। आरबीआई ने इस अनधिकृत लेनदेन पर उस समय की तेलंगाना सरकार पर 8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान चुकाया।

### क्या है केटीआर का पक्ष

केटीआर ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश करार दिया है। उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मामले को रद्द करने की मांग की, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने फिलहाल उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

# H1B वीजा को लेकर चिंता में केंद्र सरकार

**एजेंसी । नई दिल्ली**




अमेरिका में पिछले कुछ दिनों से एच-1बी वीजा को लेकर बहस जारी है। अब भारतीय एच-1बी वीजा होल्डर के खिलाफ हो रहे विरोध को लेकर केंद्र सरकार भी अलर्ट हो गई है। सरकार अमेरिका में भारतीय एच-1बी वीजा धारकों के खिलाफ विदेश मंत्रालय, IT मंत्रालय और कॉमर्स डिपार्टमेंट अमेरिका में वैध रूप से काम करने वाले भारतीय प्रोफेशनल्स की स्थिति पर नजर रख रही है। सरकार आईटी और प्रबंधन पेशेवरों की प्रोफाइलिंग पर कड़ी नजर रख रही है। आईटी मंत्रालय के अलावा विदेश मंत्रालय और वाणिज्य विभाग द्वारा भी घटनाक्रम पर सख्त नजर रखी जा रही है।

### IT मंत्रालय के अमेरिकी कंपनी से सवाल


सरकार के एक सूत्र के मुताबिक, ऐसे स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए, जहां हमारे भारतीय प्रोफेशनल्स को अमेरिका में रहने में परेशानी हो, सरकार इस बारे में चिंतित है। IT मंत्रालय भी स्थिति को समझने के लिए बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियों से फीडबैक ले रहा है। IT मंत्रालय ने अमेरिकी कंपनियों से पूछा है कि ग्राउंड पर इस वीजा को लेकर क्या हालात हैं।

# आठ साल लंबी कानूनी विवाद के बाद एंजेलिना-ब्रैड का तलाक

- एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के हैं छह बच्चे
- 2016 पहले एंजेलिना ने दी थी तलाक की अर्जी
- 2014 में हुई थी एंजेलिना और ब्रैड पिट की शादी

चलते-चलते

**लास एंजिलिस।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट का आधिकारिक रूप से तलाक हो गया है। दोनों के बीच आठ साल से अधिक समय से यह कानूनी लड़ाई चल रही थी। 30 दिसंबर को दोनों ने आधिकारिक रूप से तलाक के कागजात पर हस्ताक्षर किया। हॉलीवुड के इतिहास में यह सबसे लंबे और विवादास्पद तलाक में से एक है। उनके अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। एंजेलीना जोली की ये तीसरी शादी थी। ब्रैड पिट से पहले उन्होंने जॉनी ली मिलर और बिली बॉब थोर्नटन से शादी की थी।



### ब्रैड पर बच्चों संग दुर्व्यवहार का आरोप

जोली के अधिवक्ता जेम्स साइमन ने सोमवार को दंपति के बीच तलाक को लेकर हुए समझौते की पुष्टि की। साइमन ने एक बयान में कहा, 'आठ साल से भी अधिक समय पहले एंजेलिना ने ब्रैड पिट से तलाक के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा कि वह अपने बच्चों के साथ ब्रैड पिट से अलग रह रहीं थीं। 49 वर्षीय एंजेलिना और 61 वर्षीय पिट हॉलीवुड में 12 वर्षों तक सबसे चर्चित जोड़ी में से एक रही तथा ऑस्कर विजेता इस जोड़ी के छह बच्चे हैं। जोली ने 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी, जिसमें कहा था कि पिट, उनके और उनके बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं।

### दो साल की रही शादी

2019 में एक न्यायाधीश ने उन्हें तलाकशुदा घोषित कर दिया था, लेकिन संपति के बंटवारे और बच्चों की जिम्मेदारी को अलग से निपटाने की जरूरत थी। इस मामले के लिए दोनों द्वारा नियुक्त निजी जज ने उनके बच्चों की समान जिम्मेदारी का निर्णय दिया था, लेकिन जोली ने उस पर भी याचिका दायर की थी। ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली की शादी 14 अगस्त 2014 को हुई थी। साल 2016 में ही दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। लेकिन लंबी कानूनी लड़ाई की वजह से अब जाकर दोनों का तलाक हुआ है। ये तलाक दुनिया भर में चर्चा का विषय इसलिए बन गया है, क्योंकि 2014 में हुई शादी और 2016 में तलाक के फैसले के बीच सिर्फ दो साल की शादीशुदा जिंदगी दोनों ने साथ बिताई। लेकिन तलाक लेने में आठ साल का वक्त लग गया।

# नए साल के लिए जमा की गई 2.50 करोड़ की नशीली दवाएं जब्त

- एक गिरफ्तार, 21 लाख नकद बरामद



**बंगलुरु।** कर्नाटक में बंगलूरू के कई इलाकों में नए साल के जश्न के लिए 2.50 करोड़ रुपये की नशीली दवाओं को जमा करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी 27 दिसंबर को की गई थी। पत्रकारों से बात करते हुए बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर बी. दयानंद ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) नारकोटिक्स स्क्वॉड के अधिकारियों को चोक्कनहल्ली के एक अपार्टमेंट में प्रतिबंधित मादक पदार्थों के बारे में खुफिया जानकारी मिली।

### गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई

गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। टीम ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि बंगलूरू में नए साल के जश्न के दौरान बिक्री के लिए ड्रग्स स्टॉक किया गया था। पुलिस ने अभी तक ड्रग्स तस्कर की पहचान का खुलासा नहीं किया।